पी एन जी आर बी
PNGRB

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड
Petroleum and Natural Gas Regulatory Board











वार्षिक रिपोर्ट
ANNUAL REPORT
2023-24





आगे बढ़े
PNG चुनें
PIPED NATURAL GAS





वार्षिक रिपोर्ट

2023-24

पीएनजीआरबी दृष्टिकोण

पीएनजीआरबी का विज़न उपभोक्ताओं को किफायती और सतत तेल एवं गैस ऊर्जा उपलब्ध कराने के लिए एक विश्व स्तरीय विनियामक प्रणाली स्थापित करना हैं, जिसका ध्येय एक सक्रिय और प्रतिस्पर्धी ऊर्जा बाज़ार के माध्यम से कार्य करना तथा साथ–ही–साथ ऊर्जा पहुंचाने के लिए विश्वसनीय बुनियादी ढांचे के निर्माण में सहयोग करना और सुरक्षा के उत्कृष्ट मानक सुनिश्चित करना हैं।



विषय सूची

भाग	विवरण	पृष्ठ
–	मुख्य विशेषताएं	6
–	अध्यक्ष और सदस्यों का संक्षिप्त विवरण	9
–	बोर्ड के कार्य और शक्तियाँ	13
भाग 1	**सामान्य**	15
(क)	सामान्य आर्थिक परिदृश्य की समीक्षा	15
(ख)	तेल और गैस का वैश्विक परिदृश्य	16
(ग)	तेल और गैस का घरेलू परिदृश्य	18
(घ)	सर्वोत्तम अंतर्राष्ट्रीय तेल और प्राकृतिक गैस विनियामक पद्धतियां तथा भारतीय संदर्भ में उन्हें अपनाना	23
भाग 2	**नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क**	24
2.1	पंजीकरण और प्राधिकार	24
2.2	कंपनियों के बीच निष्पक्ष व्यापार और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देकर उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा	29
2.3	निर्बाध और पर्याप्त आपूर्ति पर निगरानी रखना	29
2.4	सीजीडी नेटवर्क की क्षमता का निर्धारण	34
2.5	भारत में सीजीडी अवसंरचना की वर्तमान स्थिति	35
2.6	राष्ट्रीय पीएनजी अभियान	36
2.7	नई पहल	37
भाग 3	**प्राकृतिक गैस पाइपलाइनें (एनजीपीएल)**	38
3.1	पंजीकरण और प्राधिकार	38
3.2	वर्ष 2023–24 में प्रदान किए गए प्राधिकार	38
3.3	निविदा प्रक्रिया के तहत प्राकृतिक गैस पाइपलाइन	39
3.4	स्वप्रेरणा से हितधारक परामर्श की शुरुआत	39
3.5	परिवहन दरों का विनियमन	40
3.6	क्षमता मूल्यांकन	43
3.7	प्रगति समीक्षा बैठकें और सुनवाई	43
3.8	प्राधिकृत प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों की समापन अनुसूची का विस्तार	43
3.9	प्राधिकार रद्द करना/समय–पूर्व बंद करना	44
3.10	चालू प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों और निर्माणाधीन प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों का विवरण	44
3.11	तरलीकृत प्राकृतिक गैस टर्मिनलों के लिए विनियामक ढांचे की स्थापना	44
3.12	भारत का गैस अवसंरचना मानचित्र	45
भाग 4	**पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइनें (पीपीपीएल)**	46
4.1	पंजीकरण और प्राधिकार	46
4.2	परिवहन दरों का विनियमन	47
4.3	क्षमता मूल्यांकन	49
4.4	प्रगति समीक्षा बैठकें और सुनवाई	49
4.5	प्राधिकृत पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइनों की समापन अनुसूची का विस्तार	49
4.6	परिचालन/निर्माण के अंतर्गत पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइनें	49
भाग 5	**गैस व्यापार विनिमय**	50
5.1	विनियामक ढांचा	50
5.2	प्रथम गैस विनिमय की अद्यतन स्थिति	50
भाग 6	**तकनीकी मानक**	51
6.1	विनियामक ढांचा	51
6.2	सुरक्षा मानकों सहित तकनीकी मानकों और विशिष्टियों का विकास	51
6.3	सुरक्षा मानकों सहित तकनीकी मानकों और विशिष्टियों में संशोधन	52
6.4	आपातकालीन प्रतिक्रिया और आपदा प्रबंधन योजना	52

भाग	विवरण	पृष्ठ
6.5	एकीकृत प्रबंधन प्रणाली (आईएमएस)	53
6.6	तृतीय पक्ष अनुरूपता मूल्यांकन विनियम	53
6.7	पीएनजीआरबी विनियमों का अनुपालन	53
6.8	क्षमता निर्माण	57
6.9	हाइड्रोजन	58
6.10	सीबीजी	59
6.11	नई पहल	60
भाग 7	**विवाद समाधान**	61
भाग 8	**संगठनात्मक मामले**	64
8.1	बोर्ड	64
8.2	मानव संसाधन	64
8.3	सूचना का अधिकार अधिनियम (आरटीआई), 2005	68
8.4	सतर्कता मामले	69
8.5	राजभाषा का कार्यान्वयन और प्रोत्साहन	69
8.6	विविध गतिविधियां	70
8.7	अंतर्राष्ट्रीय सहयोग	73
8.8	बनाए गए /संशोधित नए विनियम	76
भाग 9	**गैर–अनुपालन**	77
भाग 10	**वित्त और लेखा**	79
10.1	केंद्र सरकार से अनुदान संबंधी प्रावधान और पीएनजीआरबी निधियों से संबंधित प्रावधान	79
10.2	अन्य शुल्क लगाना	79
10.3	असंतुलन और अधिक प्रभार लेने की वसूलियाँ	80
10.4	अधिशेष निधियों का निवेश	80
10.5	पंचवर्षीय वित्तीय विशेषताएं	81
10.6	वार्षिक लेखा विवरण	81
अनुलग्नक–क	9वें सीजीडी बोली दौर में सीजीडी प्राधिकार/लक्ष्य	111
अनुलग्नक–ख	10वें सीजीडी बोली दौर में सीजीडी प्राधिकार/लक्ष्य	117
अनुलग्नक–ग	11 और 11ए सीजीडी बोली दौर/लक्ष्य के अंतर्गत सीजीडी प्राधिकार	121
अनुलग्नक–घ	12वें और 12ए सीजीडी बोली दौर/लक्ष्यों के अंतर्गत सीजीडी प्राधिकार	126
अनुलग्नक–च	सीजीडी नेटवर्क के लिए प्रगति समीक्षा बैठकों और सुनवाई का विवरण (दिनांक 1 अप्रैल, 2023 से दिनांक 31 मार्च, 2024 तक)	131
अनुलग्नक–छ	लंबित वित्तीय समापन (एफसी) और गैस आपूर्ति समझौता (जीएसए) – 11वां और 11ए सीजीडी बोली दौर (31.03.2024 तक की स्थिति)	133
अनुलग्नक–ज	निर्दिष्ट एनजीपीएल की अनुपलब्धता के कारण सीजीडी कंपनियों का विस्तार	134
अनुलग्नक–झ	प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों के लिए प्रगति समीक्षा बैठकों और सुनवाई का विवरण (1 अप्रैल, 2023 से 31 मार्च, 2024 तक)	136
अनुलग्नक–ञ	भारत में प्राकृतिक गैस पाइपलाइन नेटवर्क – 31 मार्च, 2024 तक संकेताक्षरों की सूची	138
अनुलग्नक–घ	दिनांक 31.03.2024 तक परिचालन में समर्पित प्राकृतिक गैस पाइपलाइनें (एनजीपीएल प्राधिकार विनियमों के विनियम 19 के तहत प्राधिकृत	142
अनुलग्नक–ट	पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइनों के लिए प्रगति समीक्षा बैठकों और सुनवाई का विवरण (1 अप्रैल, 2023 से 31 मार्च, 2024 तक)	152
अनुलग्नक–ठ	भारत में पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइनें – 31 मार्च, 2024 तक	154



मुख्य विशेषताएं

बोर्ड ने कई पहलें शुरू की हैं, जिनकी मुख्य विशेषताओं को नीचे संक्षेप में दर्शाया गया है:

1. भारत के पूरे भू–भाग में सीजीडी नेटवर्क प्रदान करना। 12वें और 12ए सीजीडी बोली दौर के तहत 7 भौगोलिक क्षेत्रों को अधिकृत करना।
2. 232 कि.मी. सामान्य वाहक पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन बिछाने के लिए अधिकृत करना।
3. 160 कि.मी. सामान्य वाहक प्राकृतिक गैस पाइपलाइन और 28.81 कि.मी. अनुबंध कनेक्टिविटी बिछाने के लिए अधिकृत करना।
4. जागरूकता बढ़ाने और पाइप द्वारा प्राकृतिक गैस को अधिक से अधिक अपनाने को बढ़ावा देने के लिए 26 जनवरी से 31 मार्च 2024 तक राष्ट्रीय पीएनजी अभियान चलाना।
5. सीजीडी नेटवर्क के लिए 40 प्रगति समीक्षा बैठकें/सुनवाई तथा एनजीपीएल और पीपीपीएल के लिए 61 प्रगति समीक्षा बैठकें/सुनवाई आयोजित की गईं।
6. 23 भौगोलिक क्षेत्रों को विस्तार दिया गया है, जिससे सीजीडी नेटवर्क बिछाने, निर्माण करने या विस्तार करने के लिए संविदा वर्ष और विशिष्टता अवधि को 300 महीने के लिए स्थानांतरित किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त, 96 महीने की विशिष्टता अवधि दी गई है, जिससे इन क्षेत्रों को नामित प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों की अनुपलब्धता के कारण सामान्य वाहक या संविदा वाहक के नियमों से छूट मिल गई है।
7. कंपनियों के अनुरोध पर एनजीपीएल/पीपीपीएल से संबंधित 16 मामलों के संबंध में समय बढ़ाया गया है।
8. दो एटीएफ पाइपलाइन को सामान्य वाहक/संविदा वाहक के रूप में घोषित किया गया।
9. देश के पेट्रोलियम और गैस क्षेत्र में वर्तमान तकनीकी/सुरक्षा ढांचे की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया है।
10. पीएनजीआरबी अधिनियम, 2006 में मौजूदा उपभोक्ता संरक्षण प्रावधानों की समीक्षा करने और व्यापक उपभोक्ता संरक्षण ढांचे को सुनिश्चित करने के लिए भावी मार्ग सुझाने के लिए एक उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया है।
11. विपणन विशिष्टता अवधि की समाप्ति के बाद सीजीडी नेटवर्क को सामान्य वाहक घोषित करने से संबंधित विनियमों को अंतिम रूप देने के लिए सार्वजनिक परामर्श प्रक्रिया शुरू की गई है।
12. पीएनजीआरबी द्वारा गठित बहु–विषयक टीमों (एमडीटी) द्वारा की गई लेखापरीक्षा के अलावा पीएनजीआरबी द्वारा सूचीबद्ध तृतीय पक्ष निरीक्षण एजेंसियों के माध्यम से विभिन्न तेल और गैस सुविधाओं में वर्ष के दौरान 664 लेखापरीक्षा की गईं।
13. "प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों और नगर गैस वितरण नेटवर्क में हाइड्रोजन ट्रांसमिशन के लिए मार्ग" विकसित करने हेतु विश्व बैंक के सहयोग से व्यापक अध्ययन शुरू किया गया।
14. पीएनजीआरबी के लिए बड़े कार्यालय आवास की खरीद।
15. अध्ययन दौरे, प्रशिक्षण, ज्ञान साझा करने वाले व्याख्यान आदि के माध्यम से आंतरिक योग्यता और क्षमता को सुदृढ़ करना।
16. गोवा में भारत ऊर्जा सप्ताह, 2024 के दौरान पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामकों के पहले अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की मेज़बानी।

बोर्ड के सदस्य



श्री अंजनी कुमार तिवारी
सदस्य
(01.12.2021 से)

डॉ. अनिल कुमार जैन
अध्यक्ष
18.05.2023 से

श्री गजेन्द्र सिंह
सदस्य
(09.08.2021 से)

पीएनजीआरबी टीम



अध्यक्ष और सदस्यों की प्रोफाइल



डॉ. अनिल कुमार जैन

अध्यक्ष

18.05.2023 से

डॉ. अनिल कुमार जैन 1986 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व सदस्य हैं तथा वर्तमान में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में पदस्थ हैं। आपके पास ऊर्जा और पर्यावरण क्षेत्रों में दो दशकों से अधिक का लंबा प्रशासनिक अनुभव है। आपने कोयला मंत्रालय और खान मंत्रालय में सचिव के रूप में कार्य किया है, जहां आपने सतत खनन और बाजार विकास में सुधारों का नेतृत्व किया। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में अपने पहले कार्यकाल में, डॉ. जैन ने पर्यावरण मंजूरी, जैव–विविधता, संसाधन दक्षता और अपशिष्ट के प्रबंधन से संबंधित काम देखा। उन्होंने इंडिया कूलिंग एक्शन प्लान और ड्राफ्ट रिसोर्स एफिशिएंसी पॉलिसी लिखने वाली लेखन टीमों का नेतृत्व किया। डॉ. जैन पेट्रोलियम और

प्राकृतिक गैस मंत्रालय में अन्वेषण प्रभाग के प्रमुख के रूप में भी कार्य कर चुके हैं और कई महत्वपूर्ण तेल एवं गैसों की खोज के विकास के लिए जिम्मेदार रहे हैं।

वर्ष 2012–17 के दौरान, आपने योजना आयोग (बाद में नीति आयोग) के ऊर्जा प्रभाग के प्रमुख के रूप में एकीकृत मॉडलिंग टूल का विकास, अर्थात् 'भारत ऊर्जा सुरक्षा परिदृश्य, 2047 (आईईएसएस)' सहित कई पहलों का नेतृत्व किया। आपने राष्ट्रीय ऊर्जा नीति (2017–2040) का मसौदा तैयार करने वाली टीम का भी नेतृत्व किया।

डॉ. अनिल जैन के पास अर्थशास्त्र में बीए (ऑनर्स), एमबीए की उपाधि है तथा भारतीय विदेश व्यापार संस्थान से डिप्लोमा है। डॉ. जैन ने '2030 में भारत के ऊर्जा मिश्रण में प्राकृतिक गैस की भूमिका की खोज' विषय पर पी.एच.डी. की है। उन्होंने प्राकृतिक गैस पर दो पुस्तकें लिखी हैं, जिनमें मुख्यतः भारत के ऊर्जा मिश्रण में इसकी संभावनाओं पर चर्चा की गई है। उन्होंने आईईए, विश्व बैंक, संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) और जी–20 जैसे अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ व्यापक रूप से काम किया है। डॉ. जैन प्रायः ऊर्जा और पर्यावरण संबंधी मुद्दों पर लिखते हैं तथा भारत और विदेशों के शीर्ष विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में व्याख्यान दे चुके हैं।



श्री गजेन्द्र सिंह

सदस्य

09.08.2021 से

वर्तमान में **श्री गजेंद्र सिंह** पीएनजीआरबी के सदस्य के रूप में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड में कार्यरत हैं। इससे पहले, आप भारत की राष्ट्रीय और सबसे विशाल प्राकृतिक गैस कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड में निदेशक (विपणन) थे। ओएनजीसी में अपना करियर शुरू करने के बाद आप 1986 में गेल में शामिल हुए थे, जब भारतीय गैस क्षेत्र अपने शुरुआती चरण में था। तभी से आपने भारत में गैस बाजार और बुनियादी ढांचे के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

श्री सिंह ने गेल में पाइपलाइनों तथा गैस प्रक्रिया संयंत्रों के अन्वेषण एवं उत्पादन, संचालन एवं रखरखाव से लेकर गैस स्रोत और विपणन तक संपूर्ण गैस मूल्य श्रृंखला में विभिन्न नेतृत्व और महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। गेल के निदेशक (विपणन) के रूप में, आपने गेल के प्राकृतिक गैस, पेट्रोरसायन, सीजीडी और तरल हाइड्रोकार्बन व्यवसायों को गति दी और सुदृढ़ किया। आप उर्वरक क्षेत्र के लिए भारत सरकार की अधिकार प्राप्त गैस पूल समिति के सदस्य भी थे और आपने कृषि उपज में सुधार के लिए सरकार की पहल का समर्थन करने के लिए विश्वसनीय गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। आप इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल), महाराष्ट्र नेचुरल गैस लिमिटेड (एमएनजीएल), बंगाल गैस कंपनी लिमिटेड (बीजीसीएल) के अध्यक्ष और गेल गैस लिमिटेड में निदेशक रहे हैं, जो भारत की प्रमुख सीजीडी कंपनियां हैं। आप गेल ग्लोबल सिंगापुर प्रा. लिमिटेड (जीजीएसपीएल), जो गेल की अंतरराष्ट्रीय व्यापार शाखा है, के अध्यक्ष भी थे।

श्री सिंह, सदस्य, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड, भारत, देश में प्रतिस्पर्धात्मक, कुशल और टिकाऊ पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस बाजार को बढ़ावा देने के लिए जिम्मेदार हैं। आप यह सुनिश्चित करते हैं कि उपभोक्ताओं, निवेशकों और अन्य हितधारकों के हित सुरक्षित रहें। एक विनियामक के रूप में, आपने पूरे देश में एकीकृत टैरिफ, ट्रेडिंग एक्सचेंज और नगर गैस वितरण व्यवसाय लागू किया है।



श्री अंजनी कुमार तिवारी

सदस्य

01.12.2021 से

श्री अंजनी कुमार तिवारी 01 दिसंबर 2021 को पीएनजीआरबी के सदस्य के रूप में शामिल हुए। सदस्य, पीएनजीआरबी में शामिल होने से पहले, श्री तिवारी ने गेल (इंडिया) लिमिटेड में विभिन्न पदों पर और निदेशक (वित्त) के रूप में काम किया। गेल के निदेशक (वित्त) और सीएफओ के रूप में, आपने कार्यनीतिक मामलों, जोखिम कम करने के उपायों, विलय एवं अधिग्रहण और निवेश के अवसरों पर निर्णय लेने के लिए नीतियों और प्रक्रियाओं की स्थापना एवं कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित किया।

गेल में बोर्ड सदस्य के अलावा श्री तिवारी ने गेल गैस लिमिटेड, ग्रीन गैस लिमिटेड, भाग्यनगर गैस लिमिटेड, गेल गैस (यूएसए) इंक, गेल ग्लोबल (यूएसए) एलएनजी एलएलसी, गेल ग्लोबल सिंगापुर प्रा. लिमिटेड, और आरजीपीपीएल में निदेशक के पद पर भी काम किया है तथा यह सुनिश्चित किया कि बोर्ड के कामकाज में प्रभावी, स्थायी, कार्यनीतिक और परिणाम उन्मुख निर्णय लिए जाएं। श्री तिवारी के पास तेल एवं गैस, ताप विद्युत, जल विद्युत तथा नगर गैस वितरण क्षेत्र में जटिल कारोबारी माहौल में 41 वर्षों से अधिक का विविध अनुभव है।

निदेशक (वित्त) के रूप में, श्री तिवारी ने कंपनी, इसकी भविष्य की योजना तथा गेल में तेल एवं गैस उद्योग की सर्वोत्तम पद्धतियों को समझने और लागू करने के बारे में पारदर्शी प्रतिनिधित्व के लिए निवेशकों और विश्लेषकों, बैंकरों, प्रेस तथा तेल और गैस उद्योग के गणमान्य व्यक्तियों जैसे विभिन्न हितधारकों के साथ उत्कृष्ट संबंध विकसित किए थे। आपने समग्र कंपनी रणनीति के साथ तालमेल बनाने और वित्तीय कार्य, संबंधित प्रक्रियाओं, आंतरिक नियंत्रण और वित्तीय रिपोर्टिंग में क्रांतिकारी बदलाव किए। आपने कंपनी की मज़बूत वित्तीय स्थिति बनाए रखने के लिए गेल में सक्रिय भूमिका निभाई है।

पीएनजीआरबी में, श्री तिवारी देश में तेल और गैस बुनियादी ढांचे के समग्र विकास के लिए टैरिफ सुधार, विनियामक सुधार, राजकोषीय सुधार और विनियम में बदलाव जैसे विभिन्न सुधारों में शामिल रहे हैं।



स्व. श्री अजीत कुमार पांडे

सदस्य

15.03.2022 से 26.09.2023

श्री अजीत कुमार पांडे 15 मार्च 2022 को पीएनजीआरबी के सदस्य (विधि) के रूप में शामिल हुए थे। आपने उत्कृष्ट न्यायविद् के रूप में अपनी शानदार सेवाएं प्रदान कीं और आपके पास बैचलर ऑफ साइंस (बी.एस.सी.), लेगम बैकालॉरियस (एलएलबी.) में डिग्री है। श्री पांडे को विधि के क्षेत्र में 32 वर्षों से अधिक का पेशेवर अनुभव है। उन्होंने 24 अप्रैल, 1990 को बार काउंसिल ऑफ दिल्ली में एक अधिवक्ता के रूप में नामांकन कराया। एक अधिवक्ता के रूप में प्रेक्टिस करते हुए आपने दीवानी, आपराधिक, संवैधानिक और सेवा कानूनों से संबंधित मामले देखें। आपने वर्ष 1990 में अपनी प्रेक्टिस शुरू की और भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय, दिल्ली उच्च न्यायालय और अर्ध–न्यायिक मंचों अर्थात् राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग और विभिन्न अन्य न्यायाधिकरणों में प्रेक्टिस की और कई महत्वपूर्ण मामले देखें। आपने सर्वोच्च न्यायालय के कई मामलों पर निर्णय दिए तथा कई मामलों को विभिन्न पत्रिकाओं में शामिल किया गया और विधि जगत में आपका उत्कृष्ट रिकॉर्ड है।

भारत के सर्वोच्च न्यायालय के एडवोकेट–ऑन–रिकॉर्ड के रूप में श्री पांडे ने असंख्य सिविल और आपराधिक मामलों का प्रतिनिधित्व किया। इसके अलावा, आपने सिविल, आपराधिक, कर एवं मध्यस्थता मामलों में भारत के सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष उत्तर प्रदेश शासन का भी प्रतिनिधित्व किया है। आपने दिल्ली विश्वविद्यालय के विधि संकाय, एमिटी लॉ स्कूल, गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय में कानून पढ़ाया। अतिथि शिक्षक होने के नाते आपने एनएसीईएन और दिल्ली पुलिस के आई.आर.एस. अधिकारियों को मानवाधिकार–नागरिक स्वतंत्रता पर व्याख्यान दिया।

आप परीक्षक बोर्ड के सदस्य के रूप में विश्वविद्यालयों से भी जुड़े रहे हैं और दिल्ली विश्वविद्यालय के लिए पेपर भी सेट कर चुके हैं। एक शिक्षक के रूप में आपके जुनून ने आपको लॉ ऑफ टॉर्ट्स, सीपीसी, आईपीसी, सीआरपीसी, साक्ष्य कानून, वाद–विवाद, वाहन, और व्यावसायिक नैतिकता और कानून से संबंधित विषयों पर कॉलेज के छात्रों के लिए कई व्याख्यान देने के लिए प्रेरित किया।

श्री पांडे अपने उत्कृष्ट पेशेवर अनुभव के साथ विधि संकाय, दिल्ली विश्वविद्यालय के लिए एलएलबी की केस सामग्री के सह–लेखक रह चुके हैं, जिसमें टॉर्ट्स कानून, नागरिक प्रक्रिया संहिता, साक्ष्य कानून, भारतीय स्टाम्प अधिनियम, मुकदमा मूल्यांकन अधिनियम और पंजीकरण अधिनियम शामिल हैं। श्री पांडे इंग्लिश लॉ सोसाइटी के रोल पर यूके के एक योग्य सॉलिसिटर (इंग्लैंड और वेल्स) हैं।

आपको रेलवे दावा अधिकरण ('आरसीटी') के सदस्य (न्यायिक) के पद पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों की अध्यक्षता वाली एक समिति द्वारा नियुक्त किया गया था, जहाँ आप तब तक सक्रिय रूप से काम कर रहे थे, जब तक कि आपने 'आरसीटी' (रेलवे दावा अधिकरण) गुवाहाटी बेंच के सदस्य के रूप में अपना कार्यालय नहीं छोड़ दिया।

आरसीटी (रेलवे दावा अधिकरण) की कोलकाता और सिकंदराबाद बेंचों में काम करने के अलावा, आपने मुंबई, एर्नाकुलम, बेंगलुरु, भुवनेश्वर, रांची, अमरावती और पटना में आरसीटी (रेलवे दावा अधिकरण) बेंचों के सर्किट कोर्ट भी आयोजित किए। सदस्य के रूप में श्री पांडे को राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी, भोपाल में एक सम्मेलन और दिल्ली में भी सम्मेलनों में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया था।

आरसीटी (रेलवे दावा अधिकरण) में न्यायिक कार्य करने के अलावा, श्री पांडे सदस्य (प्रशासन) थे, और सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत अपीलीय प्राधिकारी भी थे। निविदाओं को आमंत्रित करने और उन्हें अंतिम रूप देने में एक स्वीकार्य प्राधिकारी भी थे तथा आपको कर्मचारियों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट ('एसीआर') के लिए समीक्षा और रिपोर्टिंग अधिकारी के रूप में भी नियुक्त किया गया है।



बोर्ड के कार्य और शक्तियां

अधिनियम की धारा 11 के अनुसार, बोर्ड निम्नलिखित कार्य करेगा:

(क) कंपनियों के बीच उचित व्यापार और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देते हुए उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा करना;

(ख) निम्नलिखित के लिए कंपनियों का पंजीकरण करना –

i. अधिसूचित पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पादों तथा केंद्रीय सरकार की संविदात्मक बाध्यताओं के अधीन रहते हुए प्राकृतिक गैस का विपणन;'

ii. तरलीकृत प्राकृतिक गैस टर्मिनलों की स्थापना और प्रचालन;

iii. ऐसी क्षमता से अधिक, जो विनियमों द्वारा विनिर्दिष्ट की जाए, पेट्रोलियम एवं पेट्रोलियम उत्पाद या प्राकृतिक गैस के लिए भंडारण की सुविधाओं की स्थापना;

(ग) निम्नलिखित के लिए कंपनियों को प्राधिकार देना–

i. सामान्य वाहक या संविदा वाहक पाइपलाइन बिछाना, निर्माण करना, प्रचालन या विस्तार करना;

ii. नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क को बिछाना, निर्माण करना, प्रचालन करना या विस्तार करना;

(घ) पाइपलाइनों को सामान्य वाहक या संविदा वाहक के रूप में घोषित करना;

(ड.) विनियमों द्वारा निम्नलिखित का विनियमन करना –

i. सामान्य वाहक या संविदा वाहक तक पहुँच ताकि उचित व्यापार और कंपनियों के बीच प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दिया जा सकें और उस प्रयोजन के लिए पाइपलाइन एक्सेस कोड संहिता का निर्धारण करना;

ii. सामान्य वाहक या संविदात्मक वाहक के लिए परिवहन दरें;

iii. नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क तक पहुँच ताकि पाइपलाइन एक्सेस कोड के अनुसार उचित व्यापार और कंपनियों के बीच प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दिया जा सकें;

(च) अधिसूचित पेट्रोलियम, पेट्रोलियम उत्पाद और प्राकृतिक गैस के संबंध में'–

i. पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना;

ii. सभी रिटेल विक्रय केंद्रों पर उपभोक्ताओं के लिए कंपनी द्वारा निर्धारित अधिकतम रिटेल मूल्यों के संबंध में सूचना का प्रदर्शन सुनिश्चित करना;

iii. मूल्यों की निगरानी करना और कंपनियों द्वारा प्रतिबंधात्मक व्यापार पद्धतियों को रोकने के लिए निवारक उपाय करना;

iv. पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पादों के लिए समान वितरण सुनिश्चित करना;

v. रिटेल विक्रय केंद्रों के लिए रिटेल सेवा बाध्यताओं और कंपनियों के लिए विपणन सेवा बाध्यताओं हेतु विनियमों द्वारा उपबंध बनाना और उन्हें लागू करना;

vi. परिवहन दरों की निगरानी और कंपनियों के प्रतिबंधक व्यापारिक व्यवहार के निवारण हेतु सुधारात्मक कार्रवाई करना;



(छ) विनियमों द्वारा यथा निर्धारित शुल्क और अन्य प्रभार लगाना;

(ज) पेट्रोलियम, पेट्रोलियम उत्पादों और प्राकृतिक गैस से संबंधित क्रियाकलापों के संबंध में सूचनाओं का डेटा बैंक रखना;

(झ) विनियमों द्वारा तकनीकी मानकों और विनिर्देशों को निर्धारित करना, जिसमें पेट्रोलियम, पेट्रोलियम उत्पादों और प्राकृतिक गैस से संबंधित क्रियाकलापों में सुरक्षा मानक, तथा डाउनस्ट्रीम पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस क्षेत्र के संबंध में पाइपलाइन और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का निर्माण और प्रचालन शामिल हैं;

(ञ) ऐसे अन्य कार्य करना जो इस अधिनियम के प्रावधानों को पूरा करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा उसे सौंपें जा सकते हैं। {दिनांक 01.07.2020 को सरकार ने गैस व्यापार विनिमय(यों) की स्थापना और संचालन को विनियमित करने के लिए पीएनजीआरबी को अधिनियम की धारा 11(ञ) के अंतर्गत निर्दिष्ट कार्य को अधिनियम की धारा 42 के तहत निर्देश जारी किए हैं}।

**चूंकि सरकार द्वारा किसी भी पेट्रोलियम, पेट्रोलियम उत्पाद और प्राकृतिक गैस को अधिसूचित नहीं किया गया है, इसलिए बोर्ड ऊपर (ख) (झ) और (च) में दिए गए कार्य करने की स्थिति में नहीं है।*



भाग 1: सामान्य

(क) सामान्य आर्थिक परिदृश्य की समीक्षा

वर्ष 2023 में दुनिया की कुल वास्तविक जीडीपी वृद्धि 2.7% थी। विश्व बैंक समूह के अनुसार, 2024 में वैश्विक विकास 2.6% रहने का अनुमान है।

जहां तक भारत का प्रश्न है, उसने वित्त वर्ष 2022–23 में 7% की जीडीपी वास्तविक वृद्धि दर हासिल की, जो वित्त वर्ष 2023–24 में बढ़कर 8.2% हो गई। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2024–25 के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि 6.5–7.0% रहने का अनुमान लगाया है।

भारतीय अर्थव्यवस्था की कुछ महत्वपूर्ण गतिविधियां इस प्रकार हैं:

i) भारत का विदेशी मुद्रा भंडार

31.03.2023 तक विदेशी मुद्रा भंडार 578.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर था, जो 31.03.2024 तक बढ़कर 646.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 11.67% अधिक है।

ii) भारत का निर्यात और आयात

भारत के कुल निर्यात ने नई ऊंचाइयों को छुआ है, वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान वित्त वर्ष 2022–23 की तुलना में मामूली वृद्धि के साथ 776.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निर्यात हासिल किया है। हालांकि वित्त वर्ष 2023–24 में वस्तु निर्यात में वित्त वर्ष 2022–23 की तुलना में थोड़ी कमी आई है, लेकिन इसी अवधि में सेवा निर्यात में वृद्धि हुई है।

अप्रैल–मार्च 2023–24 में कुल आयात 854.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर था, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 4.8% की कमी दर्शाता है। वित्त वर्ष 2023–24 में कुल व्यापार घाटा वित्त वर्ष 2022–23 में 121.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर की तुलना में घटकर 78.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है।

अप्रैल–जुलाई 2024 के लिए कुल व्यापार घाटा –31.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर है, जबकि अप्रैल–जुलाई 2023 के लिए घाटा –27.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर था, जो घाटे में 13.1% की वृद्धि दर्शाता है।

iii) प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों का संग्रह

भारतीय अर्थव्यवस्था की तीव्र रिकवरी के एक उल्लेखनीय प्रमाण के रूप में, वित्त वर्ष 2023–24 में कुल कर (प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर) संग्रह ₹34.5 ट्रिलियन है, जो पिछले वर्ष के ₹30.4 ट्रिलियन के राजस्व संग्रह की तुलना में ₹13.4% की वृद्धि दर्शाता है।

(क) वित्त वर्ष 2023–24 में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह वित्त वर्ष 2022–23 में ₹16.6 ट्रिलियन से बढ़कर ₹19.6 ट्रिलियन हो गया है, अर्थात् 18.1% की वृद्धि।

(ख) वित्त वर्ष 2023–24 के लिए अप्रत्यक्ष कर संग्रह (जीएसटी और गैर–जीएसटी) से पता चलता है कि वित्त वर्ष 2022–23 के लिए ₹13.8 की तुलना में शुद्ध राजस्व संग्रह ₹14.9 ट्रिलियन है, जिससे 8.0% की वृद्धि दर्ज की गई है।



(ख) तेल और गैस का वैश्विक परिदृश्य

वैश्विक तेल परिदृश्य

अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) द्वारा जनवरी 2024 की तेल बाजार रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक तेल मांग वृद्धि वर्ष 2024 की अंतिम तिमाही में 1.7 मिलियन बैरल/दिन तक धीमी हो गई, जो पिछली तिमाहियों के दौरान दर्ज 3.2 मिलियन बैरल/दिन दर से काफी कम है। यह गिरावट चीन में महामारी के बाद यात्रा की मांग में आई तेजी को दर्शाती है। 2024 में, विकास दर में और कमी आने का अनुमान है और यह 1.2 मिलियन बैरल/दिन पर पहुंच जाएगी, जो कि व्यापक आर्थिक चुनौतियों, सख्त दक्षता मानकों और इलेक्ट्रिक वाहनों के बढ़ते बेड़े से प्रभावित होगी।

विश्व तेल आपूर्ति में 1.5 मिलियन बैरल/दिन की वृद्धि का अनुमान है, जो कि 103.5 मिलियन बैरल/दिन के नए उच्च स्तर पर पहुंच जाएगी, जो अमेरिका, ब्राजील, गुयाना और कनाडा से रिकॉर्ड–सेटिंग उत्पादन द्वारा संचालित होगी। गैर–ओपेक़ उत्पादन इस वर्ष विकास पर हावी रहेगा, जो लगभग 1.5 मिलियन बैरल/दिन का योगदान देगा। इसके विपरीत, ओपेक़ आपूर्ति पिछले वर्ष की तुलना में अपेक्षाकृत स्थिर रहने की उम्मीद है, यह मानते हुए कि इस महीने शुरू की गई अतिरिक्त स्वैच्छिक कटौती 2024 की दूसरी तिमाही में धीरे–धीरे समाप्त हो जाएंगी।

क्षेत्रीय रिफाइनरी लाभप्रदता में विचलन दिसंबर 2023 में और कम हो गया क्योंकि अटलांटिक बेसिन में मार्जिन कमजोर हुआ लेकिन सिंगापुर में मजबूत हुआ। 2024 में रिफाइनरी क्रूड थ्रूपुट औसतन 83.3 मिलियन बैरल/दिन होने की उम्मीद है, जो 2018 के 82.5 मिलियन बैरल/दिन के रिकॉर्ड को पार कर जाएगा। हालांकि, मध्य पूर्व, अफ्रीका और चीन में ऑनलाइन आने वाली नई क्षमता के कारण ओईसीडी और गैर–ओईसीडी रिफाइनरी रन के बीच का अंतर बढ़ने की संभावना है।

दिसंबर 2023 में रूसी तेल निर्यात 500 हजार बैरल/दिन बढ़कर नौ महीने के उच्चतम स्तर 7.8 मिलियन बैरल/दिन पर पहुंच गया। कच्चे तेल की शिपमेंट में 240 हजार बैरल/दिन महीने–दर–महीने की वृद्धि हुई और यह 5 मिलियन बैरल/दिन हो गई, जबकि उत्पाद प्रवाह में 260 हजार बैरल/दिन की वृद्धि हुई। इसके बावजूद, अनुमानित निर्यात राजस्व छह महीने के निचले स्तर $14.4 बिलियन पर आ गया, क्योंकि रूसी तेल की कीमतों पर छूट बढ़ गई और बेंचमार्क तेल की कीमतों में गिरावट आई।

नवंबर 2023 में वैश्विक स्तर पर तेल भंडार में 8.4 मिलियन बैरल की कमी आई, जो जुलाई 2022 के बाद से अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया, जिसमें विशेष रूप से कच्चे तेल और मध्यम डिस्टीलेट में तंगी देखी गई। पानी पर तेल (–12 मिलियन बैरल) में कमी आंशिक रूप से ऑन–लैंड स्टॉक बिल्ड (+3.6 मिलियन बैरल) द्वारा समायोजित की गई थी। तेल उत्पादों में 24.6 मिलियन बैरल की महत्वपूर्ण गिरावट देखी गई, जबकि कच्चे तेल के भंडार में 16.2 मिलियन बैरल की वृद्धि हुई। प्रारंभिक डेटा से पता चलता है कि दिसंबर में वैश्विक भंडार में वृद्धि हुई, जो पानी पर तेल में उछाल के कारण हुई।

बेंचमार्क कच्चे तेल के वायदा भाव दिसंबर 2023 के मध्य के निचले स्तर से लगभग $4/बैरल बढ़ गए, क्योंकि लाल सागर में तनाव ने भू–राजनीतिक चिंताओं को फिर से बढ़ा दिया।



प्राकृतिक गैस का वैश्विक परिदृश्य

जनवरी 2024 की आईईए रिपोर्ट के अनुसार, इस साल वैश्विक गैस की मांग में वृद्धि होने की संभावना है, जिसका कारण ठंडा सर्द मौसम और कीमतों में कमी है। उभरती अर्थव्यवस्थाएं खपत में वृद्धि का नेतृत्व करेंगी, लेकिन भू–राजनीतिक जोखिम और आपूर्ति से जुड़ी चिंताएं कीमतों में फिर से अस्थिरता ला सकती हैं।

वर्ष 2023 में, वैश्विक गैस की मांग में केवल 0.5% की वृद्धि हुई, क्योंकि चीन, उत्तरी अमेरिका और अफ्रीका और मध्य पूर्व में गैस–समृद्ध देशों में वृद्धि अन्य क्षेत्रों में गिरावट से आंशिक रूप से समायोजित थी। जैसे–जैसे महामारी संबंधी प्रतिबंध ढीले हुए और आर्थिक गतिविधि वापस लौटी, चीन ने दुनिया के सबसे बड़े एलएनजी आयातक के रूप में अपनी स्थिति फिर से हासिल कर ली (हालांकि 2023 में चीन का नजी आयात अभी भी 2021 के स्तर से नीचे था) क्योंकि प्राकृतिक गैस की मांग में 7% की वृद्धि हुई। इसके विपरीत, यूरोप में प्राकृतिक गैस की खपत में 7% की गिरावट आई, जो 1995 के बाद से अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई। यह गिरावट नवीकरणीय ऊर्जा के तेजी से विस्तार और परमाणु ऊर्जा की बढ़ती उपलब्धता से और बढ़ गई, जिससे यूरोप और एशिया के परिपक्व बाजारों में प्राकृतिक गैस की मांग कम हो गई, और कीमतें कम हो गईं।

वर्ष 2024 में वैश्विक गैस की मांग में 2.5% (लगभग 100 अरब घन मीटर) की वृद्धि का अनुमान है। 2023 में असामान्य रूप से हल्के सर्दियों के मुकाबले 2024 में ठंडे मौसम के कारण आवासीय और व्यावसायिक क्षेत्रों में हीटिंग की मांग बढ़ने की संभावना है। प्राकृतिक गैस की कीमतों में 2022 के रिकॉर्ड उच्च स्तर के बाद तेज गिरावट आई है, जो गैस की मांग में सुधार का समर्थन कर रही है। हालांकि, कीमतें अब भी ऐतिहासिक औसत से ऊपर हैं, लेकिन मूल्य–संवेदनशील औद्योगिक क्षेत्रों में मांग के फिर से बढ़ने की उम्मीद है। बिजली उत्पादन में, गैस की खपत में मामूली वृद्धि होने का अनुमान है, क्योंकि एशिया–प्रशांत, उत्तरी अमेरिका और मध्य पूर्व में गैस की बढ़ती खपत को यूरोप में मांग में कमी से आंशिक रूप से संतुलित किया जाएगा।

वर्ष 2023 में आपूर्ति पक्ष पर गैस उपलब्धता अपेक्षाकृत कम रही, क्योंकि वैश्विक एलएनजी उत्पादन में वृद्धि उम्मीद से कम रही। इस कारण उत्पादन में वृद्धि रूस से यूरोप को पाइप्ड गैस की निरंतर गिरावट की भरपाई करने में असमर्थ रही। आपूर्ति में वृद्धि भी भौगोलिक रूप से सीमित रही, जिसमें अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा एलएनजी निर्यातक बन गया, जो 2023 में अतिरिक्त एलएनजी आपूर्ति का 80% हिस्सा होगा।

वर्ष 2024 में आपूर्ति फिर से तंग रहने की उम्मीद है, जिससे वैश्विक एलएनजी उत्पादन में सीमित वृद्धि मांग में वृद्धि को रोक सकती है, विशेष रूप से यूरोप और एशिया के परिपक्व बाजारों के लिए। इस साल एलएनजी आपूर्ति में 3.5% वृद्धि की उम्मीद है, जो 2016–20 के बीच 8% की वृद्धि दर से काफी कम है। नई लिक्विफिकेशन प्लांट में देरी और मौजूदा परियोजनाओं में फीड गैस की उपलब्धता से जुड़ी समस्याएं आपूर्ति वृद्धि को 2025 तक टाल सकती हैं। बढ़ती मांग और तंग आपूर्ति के कारण इस साल कीमतों में भारी उतार–चढ़ाव होने की संभावना है।



(ग) तेल और गैस का घरेलू परिदृश्य

कच्चे तेल का परिदृश्य :

वित्त वर्ष 2022–23 में भारत के 29.2 मिलियन मीट्रिक टन कच्चे तेल के उत्पादन की तुलना में, वित्त वर्ष 2023–24 में भारत का कच्चे तेल का उत्पादन मामूली रूप से बढ़कर 29.4 मिलियन मीट्रिक टन हो गया।

खपत में तेज गति से वृद्धि और घरेलू उत्पादन में कमी के साथ, भारत की तेल आयात निर्भरता वित्त वर्ष 2022–23 में 87.4% से बढ़कर वित्त वर्ष 2023–24 में 87.7% हो गई है।

वित्त वर्ष 2022–23 में भारत की तेल खपत 223 मिलियन टन थी, जो वित्त वर्ष 2023–24 में बढ़कर 234.3 मिलियन टन हो गई, जो वित्त वर्ष 2022–23 की तुलना में 5.1% की वृद्धि है।

वित्त वर्ष 2022–23 में भारत का कच्चे तेल का आयात 232.7 मिलियन टन था, जिसमें 157.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर का विदेशी मुद्रा व्यय था, जो वित्त वर्ष 2023–24 में बढ़कर 233.1 मिलियन टन हो गया, जिसमें 132.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर का विदेशी मुद्रा व्यय हुआ। आयात में वृद्धि होने पर भी विदेशी मुद्रा व्यय में गिरावट मुख्य रूप से अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में नरमी के कारण हुई है।

वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान कच्चे तेल की एफओबी कीमत (भारतीय बास्केटः खट्टे ग्रेड के लिए ओमान और दुबई का औसत और पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान संसाधित कच्चे तेल के अनुपात में मीठे ग्रेड के लिए ब्रेंट (डेटेड)) में वर्ष दर वर्ष के आधार पर लगभग 11.3% की कमी आई है, अर्थात् वित्त वर्ष 2022–23 में अमेरिकी $93.1/बैरल से अमेरिकी $82.6/बैरल।

भू–राजनीतिक तनाव, आपूर्ति–मांग असंतुलन और आर्थिक अनिश्चितताओं जैसे विभिन्न कारकों के कारण 2022–2023 के दौरान वैश्विक कच्चे तेल के बाजार की कीमतों में महत्वपूर्ण उतार–चढ़ाव देखा गया। 2022–2023 के दौरान कच्चे तेल की कीमतों में उतार–चढ़ाव देखा गया, जिसमें ब्रेंट और डब्ल्यूटीआई बेंचमार्क कई कारकों से प्रभावित होते हुए एक सीमा के भीतर बने रहें। ये कारक थे–भंडार स्तर, उत्पादन से जुड़े फैसले, आर्थिक संकेतक और भू–राजनीतिक घटनाक्रम।

मुख्य तेल उत्पादक क्षेत्रों में भू–राजनीतिक तनावों ने आपूर्ति की स्थिति को प्रभावित किया। उदाहरण के लिए, मध्य पूर्व में संघर्षों, विशेषकर ईरान और अमेरिका के बीच तनाव, के कारण तेल उत्पादन में रुकावट की चिंताओं ने बाजार में अनिश्चितता और कीमतों में उतार–चढ़ाव को बढ़ावा दिया।

प्राकृतिक गैस परिदृश्यः

भारत के ऊर्जा मिश्रण में प्राकृतिक गैस की वर्तमान हिस्सेदारी लगभग 6% है। सरकार ने 2030 तक इस हिस्सेदारी को 15% तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। सरकार, नीति निर्माता, विनियामक, उद्योग की कंपनियां सभी क्षेत्रों में प्राकृतिक गैस के उपयोग को बढ़ावा देकर और प्राकृतिक गैस के परिवहन और वितरण के लिए बुनियादी ढांचे में निवेश को प्रोत्साहित करके इस लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

देश में नगर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क के विकास के लिए 100% (द्वीप क्षेत्रों को छोड़कर) कवरेज की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने 7 और भौगोलिक क्षेत्रों को सीजीडी नेटवर्क के विकास के लिए अधिकृत किया है। इसके साथ ही कुल 307 भौगोलिक क्षेत्रों को अधिकृत किया जा चुका है। पीएनजीआरबी की इस उपलब्धि से घरों को स्वच्छ ईंधन मिलेगा, औद्योगिक और व्यावसायिक सुविधाओं को समर्थन मिलेगा, और परिवहन के लिए ईंधन उपलब्ध होगा। यह गैस–आधारित अर्थव्यवस्था की ओर एक बड़ा कदम है और देश के प्राकृतिक पर्यावरण के संरक्षण में मदद करेगा।



इसके अलावा, पीएनजीआरबी ने गैस के परिवहन के लिए एक राष्ट्र, एक ग्रिड, एक क्षेत्रीय टैरिफ के थीम के साथ एकीकृत टैरिफ व्यवस्था शुरू की है ताकि इसे उन ग्राहकों के लिए किफायती बनाया जा सकें जो स्रोत से दूर स्थित हैं।

भारत में घरेलू प्राकृतिक गैस उत्पादन में 6% की वृद्धि हुई, जो वित्त वर्ष 2023–24 में 35.7 अरब घन मीटर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जबकि वित्त वर्ष 2022–23 में यह 33.7 अरब घन मीटर था। यह वृद्धि मौजूदा क्षेत्रों में ड्रिलिंग गतिविधियों में वृद्धि और विशेष रूप से कृष्णा–गोदावरी बेसिन में नए ब्लॉकों की सफल खोज के कारण हुई। भारत के एलएनजी आयात में भी 15% की वृद्धि हुई, जो 40 मिलियन मीट्रिक टन तक पहुंच गया।

देश में प्राकृतिक गैस की खपत 2022–23 में 160.8 एमएमएससीएमडी से बढ़कर 2023–24 में 188 एमएमएससीएमडी हो गई है। तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) का आयात भी 2022–23 में 26,304 एमएमएससीएमडी से बढ़कर 2023–24 में 31,795 एमएमएससीएमडी हो गया है।

भारत की योजना 47.7 एमएमटीपीए की मौजूदा एलएनजी टर्मिनल क्षमता में कम से कम 25 एमएमटीपीए क्षमता जोड़ने की है। भारत के सात एलएनजी आयात टर्मिनलों पर उपयोग दर में काफी भिन्नता रही है, जो वित्त वर्ष 2023–24 में 15% से 95% तक है, जिसमें कई टर्मिनल 2023–24 में एलएनजी आयात में 16% की साल–दर–साल वृद्धि के बावजूद 30% या उससे कम क्षमता पर काम कर रहे हैं।

पीएनजीआरबी एलएनजी टर्मिनलों के पंजीकरण के लिए मसौदा विनियमन तैयार कर रहा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सकें कि री–गैस परिसंपत्तियां गैस क्षेत्र के समग्र उद्देश्यों से अछूती न रहें और शेष प्राकृतिक गैस अवसंरचना के विकास और आपूर्ति के साथ एकीकृत हों, जिसमें पाइपलाइन और सीजीडी नेटवर्क शामिल हैं। एलएनजी टर्मिनल नियमों के तहत टर्मिनलों को पीएनजीआरबी से पंजीकरण लेना होगा और समय–समय पर आवश्यक जानकारी प्रस्तुत करनी होगी।

आपूर्ति और मांग में उतार–चढ़ाव, विशेषकर अधिक खपत वाली अवधि में, संतुलित करने के लिए उपयुक्त और रणनीतिक रूप से स्थित भंडारण और पुनर्गैसीकरण सुविधाएं ज़रूरी हैं, जो पाइपलाइन नेटवर्क से जुड़ी हों। इससे हमारे देश की ऊर्जा सुरक्षा में वृद्धि होगी।

भारत सरकार ने सरकारी स्वामित्व वाली ओएनजीसी और ओआईएल के नामांकन क्षेत्रों, नई अन्वेषण लाइसेंसिंग नीति (एनईएलपी) ब्लॉकों और एनईएलपी–पूर्व ब्लॉकों से उत्पादित गैस के लिए घरेलू प्राकृतिक गैस मूल्य निर्धारण दिशा–निर्देशों को संशोधित किया, जहां उत्पादन हिस्सेदारी संविदा (पीएससी) कीमतों के लिए सरकार की मंजूरी प्रदान करता है। अप्रैल 2023 के प्राकृतिक गैस मूल्य निर्धारण दिशा–निर्देशों के अनुसार, घरेलू गैस के लिए प्रशासित मूल्य निर्धारण तंत्र (एपीएम) पिछले महीने के औसत भारतीय क्रूड बास्केट मूल्यों के 10% पर मासिक रूप से निर्धारित किया जाएगा, जिसकी अधिकतम सीमा अमेरिकी $6.50/एमएबीटीयू और न्यूनतम सीमा अमेरिकी $4/एमएबीटीयू होगी। यह सीमा पहले दो वर्षों के लिए समान रहेगी और फिर किसी भी लागत मुद्रास्फीति के समायोजन के लिए हर साल अमेरिकी $0.25/एमएबीटीयू की वृद्धि होगी। ओएनजीसी और ओआईएल के नामांकन क्षेत्रों के नए कुओं या कुओं के कार्यकलापों से उत्पादित गैस को एपीएम मूल्य पर 20% का प्रीमियम दिया जाएगा। इन सुधारों ने घरेलू गैस उपभोक्ताओं के लिए एक स्थिर मूल्य निर्धारण व्यवस्था सुनिश्चित की, जबकि साथ ही उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन के साथ उत्पादकों को प्रतिकूल बाज़ार उतार–चढ़ाव से पर्याप्त सुरक्षा प्रदान की, जिससे एक प्रतिस्पर्धी और कुशल गैस बाजार पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण हुआ। अप्रैल 2023 में अधिसूचना के बाद, घरेलू गैस वर्तमान में अमेरिकी $6.5/एमएबीटीयू की अधिकतम कीमत पर बेची जा रही है।

कठिन क्षेत्रों (गहरे पानी, अति गहरे पानी और उच्च दबाव–उच्च तापमान (एचपीएचटी) क्षेत्रों) से उत्पादित



घरेलू गैस की अधिकतम कीमतें भी सरकार द्वारा छमाही अवधि पर अधिसूचित की जाती हैं जो वैकल्पिक ईंधन की कीमतों पर आधारित होती हैं। वित्त वर्ष 2023–24 की पहली छमाही और वित्त वर्ष 2023–24 की दूसरी छमाही के लिए अधिकतम कीमतें क्रमशः अमेरिकी $12.12/एमएमबीटीयू और अमेरिकी $9.96/एमएमबीटीयू अधिसूचित की गईं।

भारतीय गैस विनिमय (आईजीएक्स) में व्यापार मूल्य भी भारत में अन्वेषित गैस बाजार मूल्य का कुछ रुझान प्रदान करता है। विनिमय में भारित औसत मासिक व्यापार मूल्य अप्रैल, 2023 में ₹1,075 या अमेरिकी $13.1/एमएमबीटीयू था, जो मई, 2023 में काफी कम होकर ₹944 या अमेरिकी $11.4/एमएमबीटीयू हो गया। वर्ष 2023 तक कीमत ₹1098 या अमेरिकी $13.1/एमएमबीटीयू हो गई। जनवरी 2024 से कीमत में फिर से गिरावट देखी गई और यह मार्च 2024 में एक साल के निचले स्तर ₹799 या अमेरिकी $13.1/एमएमबीटीयू पर पहुंच गई।

नगर गैस वितरण नेटवर्क में निवेश बढ़ना जारी रहा, कई शहरों में विभिन्न कंपनियों द्वारा विस्तार परियोजनाएं शुरू की गईं। खाना पकाने, परिवहन और औद्योगिक उपयोग के लिए प्राकृतिक गैस की पहुंच बढ़ाने के सरकार के प्रयास ने सीजीडी बुनियादी ढांचे में निवेश को बढ़ावा दिया।

सीबीजी क्षेत्र में 2028–29 तक ₹ 37500 करोड़ के निवेश के माध्यम से 750 सीबीजी परियोजनाओं की स्थापना की सुविधा के लिए, भारत सरकार ने सीबीजी क्षेत्र के सीएनजी (परिवहन) और पीएनजी (घरेलू) खंडों में कंप्रेस्ड बॉयो–गैस के अनिवार्य मिश्रण की घोषणा की। सीबीजी मिश्रण दायित्व (सीबीओ) वित्त वर्ष 2024–25 तक स्वैच्छिक है और इसे वित्त वर्ष 2025–26, 2026–27 और 2027–28 के लिए कुल सीएनजी/पीएनजी खपत का क्रमशः 1%, 3% और 4% रखा गया है। 2028–29 के बाद से, सीएनजी (परिवहन) और पीएनजी (घरेलू) खंडों में सीबीओ को कुल खपत का 5% रखा गया है। इससे तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के लिए आयात प्रतिस्थापन, विदेशी मुद्रा की बचत, परिपत्र अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और नेट जीरो उत्सर्जन लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। भारत ने कई राज्यों में प्रायोगिक परियोजनाओं की शुरुआत के साथ एक स्थायी ऊर्जा स्रोत के रूप में सीबीजी की क्षमता का पता लगाया है।

कार्यान्वयनाधीन प्रमुख गैस पाइपलाइन परियोजनाओं का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है: (मार्च, 2024 तक):–

i) जगदीशपुर – हल्दिया – बोकारो – धामरा पाइपलाइन परियोजना (जेएचबीडीपीएल), बरौनी–गुवाहाटी पाइपलाइन परियोजना (बीजीपीएल) तथा धामरा–पारादीप–हल्दिया पाइपलाइन परियोजना – पूर्वी भारत के लिए प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा (पीएमजीयू)

पीएनजीआरबी ने 29.01.2018 को गेल इंडिया लिमिटेड को 3,546 कि.मी. जगदीशपुर–हल्दिया–बोकारो–धामरा, बरौनी–गुवाहाटी और धामरा–हल्दिया प्राकृतिक गैस पाइपलाइन (एकीकृत जेएचबीडीपीएल) को अधिकृत किया। वर्तमान में 2,986 कि.मी. पाइपलाइन चालू हो चुकी है। दुर्गापुर–हल्दिया और धामरा–हल्दिया खंड वर्तमान में निर्माण चरण में हैं।

एक प्रमुख प्रवर्तक के रूप में, भारत सरकार ने सितंबर 2016 में इस पाइपलाइन परियोजना के लिए 40% अनुदान प्रदान करने का नीतिगत निर्णय लिया था। इस परियोजना के समय पर विकास का उद्देश्य गोरखपुर, बरौनी और सिंदरी में स्थित 3 उर्वरक संयंत्रों और दुर्गापुर में नई उर्वरक इकाई के पुनरुद्धार का समर्थन करना है। पूरी परियोजना उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और असम जैसे छह राज्यों को कवर करते हुए पूर्वी और उत्तर–पूर्वी क्षेत्र की ऊर्जा मांग को पूरा करेगी।



ii) पूर्वोत्तर क्षेत्र प्राकृतिक गैस पाइपलाइन ग्रिड

पीएनजीआरबी ने 17.11.2020 को इंद्रधनुष गैस ग्रिड लिमिटेड (आईजीजीएल) को 1,656 कि.मी. लंबी पूर्वोत्तर प्राकृतिक गैस पाइपलाइन ग्रिड को अधिकृत किया। पांच (05) तेल और गैस सीपीएसई अर्थात् गेल, आईओसीएल, ओआईएल, ओएनजीसी और एनआरएल के संयुक्त उद्यम आईजीजीएल को सभी पूर्वोत्तर राज्यों अर्थात् असम, सिक्किम, मिजोरम, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, नागालैंड और मेघालय में चरणबद्ध तरीके से ट्रंक पाइपलाइन कनेक्टिविटी विकसित करने का काम सौंपा गया है। इस पाइपलाइन का मुख्य उद्देश्य पूर्वोत्तर राज्यों में उत्पादित घरेलू प्राकृतिक गैस का परिवहन करना और स्थानीय आवश्यकताओं को पूरा करना है। यह एनईआर ग्रिड को राष्ट्रीय गैस ग्रिड से भी जोड़ेगा। निर्माण तीन चरणों में किया गया है– अर्थात् चरण । (गुवाहाटी–नुमालीगढ़, गोहपुर–ईटानगर, और डेरगांव–दीमापुर कुल 557 किमी), चरण ॥ (सिलचर–पानीसागर, पानीसागर–अगरतला, गुवाहाटी–सिलचर, पानीसागर–आइजोल, सिलचर सीजीडी, शिलांग सीजीडी, अगरतला–तुलमुरा फीडर लाइन, अगरतला–नीपको स्पर लाइन, खुबल फीडर लाइन कुल 726 किमी) और चरण ॥। (दीमापुर–कोहिमा–इंफाल, सिलीगुड़ी–गंगटोक कुल 385 कि.मी.)। पहले चरण में 442 कि.मी. पाइपलाइन बिछाई गई है। दूसरे चरण में 75 कि.मी. पाइपलाइन बिछाई गई है। तीसरे चरण में 33 कि.मी. तक वेल्डिंग और 10 कि.मी. तक पाइपलाइन बिछाने का काम किया गया है।

iii) कोच्चि–कुट्टनाड–बैंगलोर–मैंगलोर पाइपलाइन परियोजना (केकेबीएमपीएल):

पीएनजीआरबी ने 31.05.2012 को गेल इंडिया लिमिटेड को 1,104 कि.मी. कोच्चि–कूट्टनद–बैंगलोर–मैंगलोर प्राकृतिक गैस पाइपलाइन (केकेबीएमपीएल) को अधिकृत किया। तमिलनाडु में 312 कि.मी. के मुख्य लाइन खंड को छोड़कर, केकेएमबीपीएल की शेष मुख्य लाइन (644 कि.मी.) पहले ही चालू हो चुकी है। शेष खंड का निर्माण कार्य चल रहा है।

iv) एन्नोर–थिरुवल्लूर–बैंगलोर–नागापट्टिनम–मदुरै–तूतीकोरिन प्राकृतिक गैस पाइपलाइन (ईटीबीएनएमटीपीएल):

पीएनजीआरबी ने 10.12.2015 को इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड को 1,431 कि.मी. एन्नोर–तिरुवल्लूर–बैंगलोर–नागापट्टिनम–मदुरै–तूतीकोरिन प्राकृतिक गैस पाइपलाइन (ईटीबीएनएमटीपीएल) को अधिकृत किया। यह पाइपलाइन नए एन्नोर एलएनजी टर्मिनल को क्षेत्र के विभिन्न मांग केंद्रों से जोड़ेगी। वर्तमान में, दो स्परलाइनों अर्थात् असनूर–करैकल और त्रिची–नागापट्टिनम को छोड़कर, जो निर्माणाधीन है, संपूर्ण ईटीबीएनएमटीपीएल चालू हो चुकी है।

v) श्रीकाकुलम–अंगुल प्राकृतिक गैस पाइपलाइन (एसएपीएल):

पीएनजीआरबी ने 23.07.2019 को गेल इंडिया लिमिटेड को 690 कि.मी. श्रीकाकुलम–अंगुल प्राकृतिक गैस पाइपलाइन (एसएपीएल) के लिए अधिकृत किया। दिनांक 31.03.2024 तक, पूरी 421 कि.मी. ट्रंक लाइन बिछाई जा चुकी है और 216 कि.मी. स्परलाइन भी बिछाई जा चुकी है। शेष कार्य प्रगति पर है।

vi) मुंबई–नागपुर–झारसुगुड़ा प्राकृतिक गैस पाइपलाइन (एमएनजेपीएल):

पीएनजीआरबी ने 15.05.2020 को गेल इंडिया लिमिटेड को 1,755 कि.मी. मुंबई–नागपुर–झारसुगुड़ा प्राकृतिक गैस पाइपलाइन (एमएनजेपीएल) को अधिकृत किया। पाइपलाइन मुंबई से शुरू होगी तथा महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और ओडिशा राज्यों से होकर गुजरेगी। तीनों खंडों में निर्माण कार्य प्रगति पर है। मुंबई–नागपुर खंड, नागपुर–झारसुगुड़ा खंड और नागपुर–जबलपुर खंड में क्रमशः 654 कि.मी., 456 कि.मी. और 274 कि.मी. पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है।



कार्यान्वयन के तहत प्रमुख पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन परियोजनाओं का संक्षिप्त विवरण (मार्च, 2024 तक) इस प्रकार है:–

i) कांडला–गोरखपुर पाइपलाइन (केजीपीएल)

आईएचबी लिमिटेड 2,757 कि.मी. लंबी एलपीजी पाइपलाइन परियोजना बिछा रहा है, जो देश में सबसे लंबी है, जो तीन राज्यों– उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और गुजरात को कवर करती है। यह एलपीजी पाइपलाइन देश की लगभग 25% एलपीजी का परिवहन करेगी। यह 4 आयात टर्मिनलों और दो रिफाइनरियों को 21 बॉटलिंग प्लांट से जोड़ेगी। कुल 2757 कि.मी. में से 2356 कि.मी. पाइपलाइन को बिछा दिया गया है।

ii) पियाला जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एटीएफ) पाइपलाइन (पीजेपीएल)

भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड आगामी नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की विमानन टर्बाइन ईंधन की आवश्यकता को पूरा करने के लिए पियाला से जेवर तक 34 कि.मी. लंबी एटीएफ पाइपलाइन परियोजना बिछा रहा है। पाइपलाइन को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के चालू होने के साथ ही पूरा करने की परिकल्पना की गई है।

iii) जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट (जेएनपीटी) से नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनएमआईए) तक पाइपलाइन परियोजना

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, निर्माणाधीन नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की विमानन टर्बाइन ईंधन की आवश्यकता को पूरा करने के लिए आईएनपीटी से एनएमआईए तक 22 कि.मी. लंबी एटीएफ पाइपलाइन परियोजना बिछा रहा है। पाइपलाइन अगस्त, 2025 तक पूरी होनी है।

iv) कोच्चि–कोयंबटूर– इरोड–सलेम पाइपलाइन परियोजना

कोच्चि सेलम पाइपलाइन प्राइवेट लिमिटेड केरल और तमिलनाडु राज्यों में 458 कि.मी. लंबी एलपीजी पाइपलाइन बिछा रहा है। 203 कि.मी. का केरल खंड चालू हो गया है। तमिलनाडु खंड की गतिविधियाँ चल रही हैं।

v) कृष्णापट्टनम हैदराबाद पाइपलाइन (केएचपीएल)

भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, कृष्णापट्टनम पोर्ट और हैदराबाद के माधाराम गाँव में अपने आगामी प्रतिष्ठानों को जोड़ने के लिए 455 कि.मी. लंबी बहु–उत्पाद पाइपलाइन बिछा रहा है। पाइपलाइन मार्च 2025 तक पूरी होनी है। कुल 455 कि.मी. में से, 62 कि.मी. पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है।

vi) हल्दिया पानागढ़ पाइपलाइन (एचपीपीएल)

हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड हल्दिया में एलपीजी आयात टर्मिनल को पानागढ़ में एलपीजी के बॉटलिंग संयंत्र से जोड़ने के लिए 215 कि.मी. लंबी एलपीजी पाइपलाइन बिछा रहा है। यह पाइपलाइन पश्चिम बंगाल के साथ–साथ बिहार और झारखंड राज्यों में एलपीजी की मांग को पूरा करेगी। पाइपलाइन नवंबर 2025 तक पूरी होनी है।

vii) देवंगोंथी–चित्रदुर्ग पाइपलाइन (डीसीपीएल)

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड 232 कि.मी. लंबी बहु–उत्पाद पाइपलाइन बिछा रहा है। यह पाइपलाइन आईओसीएल के मौजूदा देवंगोंथी स्टेशन से चित्रदुर्ग में कॉमन यूजर फैसिलिटी के नए डिलीवरी पॉइंट तक जाएगी। यह कर्नाटक और आंध्र प्रदेश राज्यों की मांग को पूरा करेगी। पाइपलाइन का निर्माण जून 2026 तक पूरा होना है।



पीएनजीआरबी पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पादों की प्राथमिक परिवहन व्यवस्था को बेहतर बनाने पर ध्यान दे रहा है। यह देखा गया है कि मौजूदा अवसंरचना में कुछ अक्षमताएं हैं, जैसे ओएमसी द्वारा टंकों और टर्मिनलों में दोहरापन।

पीएनजीआरबी पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पादों के लिए एक सामान्य वाहक पाइपलाइन अवसंरचना के विकास का समर्थन कर रहा है। इस उद्देश्य के तहत, मौजूदा पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइनों को सामान्य वाहक घोषित करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य संचालन को सुगम बनाना और दक्षता को बढ़ाना है, ताकि पीएनजीआरबी अधिनियम के तहत स्थापित विनियामक ढांचे के साथ सामंजस्य स्थापित किया जा सकें।

(घ) सर्वोत्तम अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा/तेल और गैस विनियामक पद्धतियां और भारतीय संदर्भ में उन्हें अपनाना:

विनियमों के निर्माण/संशोधन के लिए तकनीकी समितियाँ: अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम पद्धतियों का पालन करते हुए, पीएनजीआरबी ने तेल और गैस उद्योग के अनुभवी पेशेवरों, विभिन्न सरकारी कंपनियों और औद्योगिक अनुसंधान केंद्रों के विशेषज्ञों से बनी तकनीकी समितियाँ गठित की हैं। इन समितियों ने भारत के डाउनस्ट्रीम पेट्रोलियम और गैस क्षेत्र की सुरक्षा और अखंडता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न तकनीकी नियमों को अधिसूचित किया है। वैश्विक पद्धतियों के अनुरूप, ये समितियाँ मौजूदा नियमों की समय–समय पर समीक्षा करती हैं, सुधार के क्षेत्रों की पहचान करती हैं और आवश्यक संशोधनों का प्रस्ताव करती हैं ताकि नियमों को नवीनतम उद्योग पद्धतियों, प्रौद्योगिकी में प्रगति, घटनाओं से सीखने और सुरक्षा आवश्यकताओं के अनुरूप रखा जा सकें। इन तकनीकी नियमों का प्रमुख उद्देश्य लोगों, संपत्ति और पर्यावरण की रक्षा करना है।

तृतीय पक्ष अनुरूपता आकलन प्रणाली: अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप, तृतीय पक्ष अनुरूपता आकलन प्रणाली (टीपीसीए) नियमा बनाए गए हैं, जो पीएनजीआरबी द्वारा तृतीय पक्ष निरीक्षण एजेंसियों के चयन और पैनल में शामिल करने की प्रक्रिया को स्पष्ट करते हैं। तृतीय पक्ष निरीक्षण एजेंसियों को राष्ट्रीय प्रमाणन निकाय बोर्ड (एनएबीसीबी) द्वारा आईएसओ–17020 के तहत टाइप 'क' श्रेणी के निकाय के रूप में मान्यता प्राप्त होती है, ताकि निष्पक्षता सुनिश्चित की जा सकें।

घटनाओं की रिपोर्टिंग और जांच प्रणाली: घटना रिपोर्टिंग संबंधी अंतरराष्ट्रीय पद्धतियों से प्रेरित होकर, पीएनजीआरबी ने एक 'घटना रिपोर्टिंग प्रणाली' स्थापित किया है, जिसे ईआरडीएमपी नियमों के तहत तैयार किया गया है। पीएनजीआरबी ईआरडीएमपी विनियमों के तहत सभी कंपनियों को प्रमुख, मामूली और बाल–बाल बचने की घटनाओं की रिपोर्ट पीएनजीआरबी को निर्धारित समय–सीमा के भीतर करनी होती है। सभी घटनाओं की जांच की जाती है और यदि कोई प्रमुख घटना होती है, तो पीएनजीआरबी जांच समिति का गठन करती है ताकि मूल कारणों की पहचान की जा सकें और घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए सुझाव दिए जा सकें। जांच समिति की सिफारिशों का पालन सुनिश्चित किया जाता है और घटनाओं से सीखे गए सबक और सिफारिशों को सभी अन्य कंपनियों को भेजा जाता है, ताकि घटनाओं की पुनर्रावृत्ति न हों और नियमों में संशोधन किया जा सकें।



भाग 2: नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क

2.1 पंजीकरण और प्राधिकार:

2.1.1 प्राधिकार संबंधी विनियामक ढांचा

पीएनजीआरबी ने पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (नगर अथवा स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्कों को बिछाने, निर्माण, प्रचालन अथवा विस्तार करने के लिए कंपनियों को अधिकृत करना) विनियम, 2008 (सीजीडी प्राधिकार विनियम) को अधिसूचित किया था। इन विनियमों के अंतर्गत पीएनजीआरबी निम्नलिखित प्रक्रिया के अनुसार सीजीडी नेटवर्क प्राधिकार प्रदान करता है:

(क) **रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) मार्ग**: सीजीडी नेटवर्क का विस्तार करने की इच्छुक कोई भी कंपनी बोर्ड को रुचि की अभिव्यक्ति का प्रस्ताव भेज सकती है। प्रारंभिक मूल्यांकन के पश्चात् बोर्ड या तो एक खुला विज्ञापन जारी करता है या सार्वजनिक परामर्श प्रक्रिया आरंभ करता है। बोर्ड प्राप्त राय और विभिन्न मानदण्डों को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित सीजीडी नेटवर्क के लिए क्षेत्र का निर्धारण कर सकता है और इसके लिए बोलियां आमंत्रित कर सकता है। विनियम 4(1)

(ख) **स्वतः संज्ञान में लेने का मार्ग**: बोर्ड किसी विनिर्दिष्ट भौगोलिक क्षेत्र के लिए नगर गैस वितरण नेटवर्क बिछाने, निर्माण, प्रचालन करने या विस्तार करने की इच्छुक कंपनियों से स्वतः संज्ञान लेते हुए भी बोलियां आमंत्रित कर सकता है। विनियम 4(2)

(ग) **विनियम 17 के अंतर्गत**: बोर्ड निर्धारित दिवस 1 अक्तूबर, 2007 से पूर्व नगर गैस वितरण नेटवर्क बिछाने, निर्माण, प्रचालन करने या विस्तार करने के लिए कंपनियों को केंद्र सरकार द्वारा प्राधिकार देने की स्वीकृति दे सकता है।

(घ) **विनियम 18 के अंतर्गत**: बोर्ड केंद्र सरकार द्वारा प्राधिकृत न की गई कंपनियों को निर्धारित दिन 1 अक्तूबर, 2007 से पूर्व नगर गैस वितरण नेटवर्क बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने के लिए नगर गैस वितरण नेटवर्क के लिए प्राधिकार दे सकता है। मुख्य रूप से ये ऐसे भौगोलिक क्षेत्र हैं, जहाँ किसी कंपनी द्वारा नियत तारीख से पूर्व नगर गैस वितरण प्राधिकार विनियम में विनिर्दिष्ट सीमा तक भौतिक प्रगति और वित्तीय प्रतिबद्धता की गई थी।

2.1.2 सीजीडी नेटवर्क के विकास के लिए नोएडा, गुड़गांव और फरीदाबाद की स्वीकृति/ अधिकार

नोएडा, गुड़गांव और फरीदाबाद के संबंध में स्वीकृति का मामला 2005 से "एम.सी. मेहता बनाम भारत सरकार" के मामले में माननीय उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन था। माननीय उच्चतम न्यायालय ने 06.09.2022 को अपने आदेश में इस विवाद से संबंधित एआई का निपटारा किया और निर्देश दिया कि बोर्ड अपनी भूमिका जारी रखें, क्योंकि बोर्ड का आवश्यक कोरम उपलब्ध था। तदनुसार, बोर्ड ने 25.04.2024 को निम्नलिखित पांच भौगोलिक क्षेत्रों के संबंध में स्वीकृति दी।

क्र.सं.	भौगोलिक क्षेत्र का नाम	प्राधिकृत कंपनी
1	नोएडा (ग्रेटर नोएडा सहित)	इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल)
2.	गुरुग्राम–1	इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल)
3.	गुरुग्राम–2	हरियाणा सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड
4.	फरीदाबाद–1	इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल)
5.	फरीदाबाद–2	अडानी टोटल गैस लिमिटेड

आईजीएल ने फरीदाबाद–1 और गुरुग्राम–1 के संबंध में प्राधिकार की स्वीकृति नहीं दी है। मामला न्यायालय में विचाराधीन है।

2.1.3 12वां और 12ए सीजीडी बोली दौर:

बोर्ड ने सीजीडी नेटवर्क बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार के लिए निवेशकों से बोलियां आमंत्रित करने हेतु स्वतः संज्ञान प्रक्रिया शुरू करने के लिए 6 पूर्वोत्तर राज्यों अर्थात् अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मणिपुर, नागालैंड, सिक्किम और मिजोरम और 2 केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू और कश्मीर और लद्दाख में फैले 103 जिलों की पहचान की।

बोर्ड ने 12 अक्तूबर, 2023 को नई दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की, जिसमें माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस तथा आवासन और शहरी कार्य मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने 12वें सीजीडी बोली दौर के शुभारंभ की घोषणा की। 12वें और 12ए सीजीडी बोली दौर के लिए बोलियां क्रमशः 13 अक्तूबर, 2023 और 25 नवंबर, 2023 से आमंत्रित की गईं। संभावित निवेशकों के बीच नगर गैस वितरण व्यवसाय के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए पीएनजीआरबी ने दिल्ली और शिलांग में दो रोड शो आयोजित किए। बोर्ड को इस बोली दौर में निवेशकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। माननीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस तथा आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने 4 मार्च, 2024 को नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में सफल बोलीदाताओं को आशय–पत्र वितरित किए।



12वें सीजीडी बोली दौर पर प्रेस सम्मेलन



दिल्ली में 12वें सीजीडी बोली दौर का रोड शो




शिलोंग में 12वें सीजीडी बोली दौर का रोड शो



माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री, श्री हरदीप सिंह पुरी द्वारा 12वें और 12ए सीजीडी बोली दौर में आशय–पत्रों का वितरण

2.1.4 9वें, 10वें, 11वें और 11, तथा 12वें और 12, सीजीडी बोली दौर के दौरान पीएनजी घरेलू कनेक्शन, सीएनजी स्टेशन और स्टील पाइपलाइन के संबंध में सीजीडी कंपनियों द्वारा की गई प्रतिबद्धता के साथ भौगोलिक क्षेत्रों का विवरण क्रमशः **अनुलग्नक क, अनुलग्नक ख, अनुलग्नक ग** और **अनुलग्नक घ** में दिया गया है। 8वें सीजीडी बोली दौर तक अधिकृत सीजीडी नेटवर्क का विवरण अनुलग्नक ड. में दिया गया है।



भारत में नगर गैस वितरण प्राधिकारों का स्नैपशॉट



सीजीडी प्राधिकारों की श्रेणी	भौगोलिक क्षेत्र (जीए)	
	श्रेणी–वार	संचयी
पीएनजीआरबी–पूर्व (2009 के बाद)	33	33
दौर 1 (अक्तूबर'08)	6	39
दौर 2 (फरवरी'09)	3	42
दौर 3 (जुलाई'10)	6	48
दौर 4 (सितंबर'13)	9	57
दौर 5 (जनवरी'15)	8	65
दौर 6 (अक्तूबर'15)	18	83
दौर 7 (जून'16)	1	84
दौर 8 (नवंबर'16)	6	90
खंड 42 (मार्च'18)	6	96
दौर 9 (अप्रैल'18)	86	182
दौर 10 (नवंबर'18)	50	232
दौर 11 (जनवरी'22)	61	293
दौर 11, (जुलाई'22)	6	299
धारा 16 (अप्रैल'23)	1	300
दौर 12 (अक्तूबर'23) और 12, (नवंबर'23)	7	307

2.1.5 सीजीडी नेटवर्क तक तृतीय पक्ष की पहुंच

नगर गैस वितरण नेटवर्क, प्राकृतिक गैस, पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइनों, एलएनजी सुविधाओं, एलपीजी भंडारण, संचालन और बॉटलिंग सुविधाओं के सामंजस्य मूल्यांकन के लिए टीपीआईए की क्षमताओं को बढ़ाने के उद्देश्य से, पीएनजीआरबी के तकनीकी मानकों और विशिष्टियों, जिसमें सुरक्षा मानक और ईआरडीएमपी दस्तावेजों का प्रमाणन शामिल है, के अनुसार क्षमता निर्माण वेबिनार का आयोजन किया गया। इन वेबिनार में टी4एस/आईएमएस विनियमों और ईआरडीएमपी विनियमों के लिए पैनल में शामिल मान्यता–प्राप्त टीपीआईए को प्रशिक्षण दिया गया। इसका उद्देश्य प्रमाणन प्रक्रियाओं में एकरूपता लाना और पेट्रोलियम, पेट्रोलियम उत्पाद और प्राकृतिक गैस को संभालने वाली सुविधाओं/स्थापनाओं में उच्चतम सुरक्षा मानकों को बनाए रखना था।

उद्योग जगत के पेशेवरों के बीच हाल की घटनाओं, उनसे मिलने वाले सबक, चुनौतियों, विकास और नई तकनीकों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए, पीएनजीआरबी ने डाउनस्ट्रीम क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों पर ज्ञान का आदान–प्रदान करने के लिए कई वेबिनार आयोजित किए।

6.9 हाइड्रोजन

स्वच्छ ऊर्जा स्रोत के रूप में हाइड्रोजन को बढ़ावा देने के सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप, बोर्ड ने निम्नलिखित कंपनियों को सीजीडी नेटवर्क में हाइड्रोजन मिश्रण पर प्रायोगिक परियोजनाओं के लिए अनुमति दी है:–

क) एनटीपीसी कवास टाउनशिप, सूरत, गुजरात में गुजरात गैस लिमिटेड।

ख) इंदौर, मध्य प्रदेश में आवंतिका गैस लिमिटेड।

ग) जोरहाट, असम में असम गैस कंपनी।

घ) अहमदाबाद, गुजरात में अदानी टोटल गैस लिमिटेड।

बोर्ड ने विश्व बैंक के साथ मिलकर एक विस्तृत अध्ययन किया है ताकि ''प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों और नगर गैस वितरण नेटवर्क में हाइड्रोजन के परिवहन के लिए मार्ग'' विकसित किए जा सकें। इसमें हाइड्रोजन मूल्य श्रंखला के विभिन्न स्तरों पर आवश्यक उपायों की पहचान, हाइड्रोजन परिवहन के लिए मौजूदा बुनियादी ढांचे की व्यवहार्यता, विभिन्न मिश्रण स्तरों पर अध्ययन और वैश्विक सर्वोत्तम पद्धतियों/नीतियों की तुलना के साथ भारत के लिए भावी मार्ग निर्धारित करना शामिल है।

इस संबंध में, सभी हितधारकों के साथ अध्ययन की मसौदा रिपोर्ट पर चर्चा करने के लिए 7 मार्च 2024 को एक विशाल हितधारक बैठक का आयोजन किया गया था।



"प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों और नगर गैस वितरण नेटवर्क में हाइड्रोजन के परिवहन के लिए मार्ग" अध्ययन पर हितधारकों के साथ बातचीत

6.10 सीबीजी

बोर्ड सीबीजी नेटवर्क के लिए सीबीजी मिश्रण को सुविधाजनक बनाने हेतु मानक संचालन प्रक्रियाओं को अंतिम रूप दे रहा है।

बोर्ड ने 06.10.2023 को कम्प्रेस्ड बायो–गैस निर्माण तकनीकों और उनकी चुनौतियों पर एक तकनीकी सत्र आयोजित किया, जिसमें सीजीडी कंपनियों और सीबीजी उत्पादकों ने भाग लिया।



6.11 नई पहल

पीएनजीआरबी अधिनियम, 2006 की धारा 11(i) के अनुसार बोर्ड के कार्यों में पेट्रोलियम, पेट्रोलियम उत्पादों और प्राकृतिक गैस से संबंधित गतिविधियों में सुरक्षा मानकों सहित तकनीकी मानकों और विशिष्टियों को विनियमों द्वारा निर्धारित करना शामिल है, जिसमें डाउनस्ट्रीम पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस क्षेत्र से संबंधित पाइपलाइन और बुनियादी ढांचा परियोजना का निर्माण और संचालन शामिल है। इस अधिदेश को लागू करने और देश में तेल और गैस क्षेत्र की सुरक्षा और अखंडता के लिए विभिन्न विनियमन का अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए बोर्ड ने 24 नवंबर, 2023 को देश के पेट्रोलियम और गैस क्षेत्र में वर्तमान तकनीकी/सुरक्षा ढांचे की समीक्षा के लिए श्री एम.बी. लाल, पूर्व सीएमडी–एचपीसीएल की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया।

संदर्भ की शर्तों के अनुसार उक्त समिति को पीएनजीआरबी अधिनियम, 2006 के तहत देश के डाउनस्ट्रीम तेल और गैस क्षेत्र में परिसंपत्तियों की सुरक्षा और अखंडता सुनिश्चित करने के लिए पीएनजीआरबी की विनियामक व्यवस्था, तौर–तरीकों और डोमेन की जांच करने, प्रणाली और प्रक्रियाओं के संबंध में तकनीकी और सुरक्षा ढांचे की समीक्षा करने और पीएनजीआरबी के टी4एस विनियमों में ऊर्जा दक्षता और पर्यावरण मापदंडों से संबंधित विनियामक प्रावधानों को शामिल करने की संभावना तलाशने की आवश्यकता है। साथ ही पीएनजीआरबी के डोमेन में पेट्रोकेमिकल संयंत्रों को शामिल करने की सिफारिश करने की संभावना भी तलाशी जानी है।



भाग 7: विवाद समाधान

7.1 पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक अधिनियम, 2006 की धारा 12 द्वारा बोर्ड को उसकी सीमा में आने वाले मामलों से संबंधित किसी भी विवाद पर अधिनिर्णय लेने और निपटाने तथा विनिर्दिष्ट क्रियाकलापों से संबंधित शिकायतें प्राप्त करने और उन पर निर्णय लेने की शक्ति प्रदान की गई है। इसकी प्रक्रिया अधिनियम के अध्याय–ट में निर्धारित की गई है। इन उपबंधों के अधीन किसी याचिका या शिकायत को प्राप्त करने, कार्रवाई करने तथा निर्णय लेने की विस्तृत प्रक्रिया पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (व्यवसाय संचालन, शिकायत प्राप्ति और जाँच) विनियम, 2007 में दी गई है।

7.2 यहाँ यह उल्लेख करना उपयुक्त होगा कि पीएनजीआरबी अधिनियम, 2006 की धारा 12(1)(क) के उपबंधों के अनुसार यदि पक्षकार मध्यस्थता के लिए सहमत हो जाते हैं तो बोर्ड किसी विवाद या मामले पर निर्णय नहीं दे सकता है और उसका निपटान नहीं कर सकता है। इसके अतिरिक्त बोर्ड के समक्ष शिकायत दर्ज करने के लिए अधिनियम की धारा 25(1) बोर्ड को किसी उपभोक्ता की किसी ऐसी शिकायत को दायर करने से भी रोकती है जो उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के अधीन उपभोक्ता विवाद निवारण मंच के समक्ष रखी जाने योग्य है।

7.3 आज की तारीख तक बोर्ड के समक्ष निम्नलिखित मामले लंबित हैं:–

बोर्ड के समक्ष लंबित मामलों की सूची (01.04.2023 से 31.03.2024 तक)

क्र. सं.	मामला संख्या	मामला विवरण	निर्णय की तारीख
1	**विधि / 25 / 2021**	सदरमल बागरिया इंडस्ट्रीज प्रा. लिमिटेड (यूनिट रत्ना टी फैक्ट्री) बनाम असम गैस कंपनी एवं अन्य	**19.04.2023**
2	**विधि / 17 / 2020**	डिब्रूगढ़ टी गैस ग्रिड एवं अन्य बनाम असम गैस कंपनी	**19.04.2023**
3	**समीक्षा याचिका 06 / 2023**	मैसर्स एजीपी सीजीडी इंडिया प्रा. लिमिटेड बनाम हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड एवं अन्य	**20.04.2023**
4	**समीक्षा याचिका सं. 05 / 2023**	मैसर्स टोरेंट गैस जयपुर प्रा. लिमिटेड	**25.05.2023**
5	**समीक्षा याचिका सं. 19 / 2022**	गेल (इंडिया) लिमिटेड	**30.05.2023**
6	**विधि / 25 / 2022**	हरियाणा सिटी गैस वितरण (भिवाड़ी) लिमिटेड बनाम टोरेंट गैस जयपुर प्रा. लिमिटेड	**23.06.2023**
7	**विधि / 41 / 2021**	गुजरात गैस लिमिटेड बनाम चारोतर गैस सहकारी मंडली लिमिटेड	**14.07.2023**
8	**विधि / 7 / 2019**	गुजरात स्टेट पेट्रोनेट लिमिटेड बनाम आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया लिमिटेड	**07.08.2023**



बोर्ड के समक्ष मामलों की सूची (31.03.2024 तक लंबित)

क्र. सं.	मामला संख्या	मामले का विवरण	स्थिति
1)	विधि / 31 / 2013	जीएमआर वेमागिरी पावर जनरेशन लिमिटेड बनाम गेल (इंडिया) लिमिटेड	न्यायाधीन*
2)	विधि / 32 / 2013	जीएमआर एनर्जी लिमिटेड बनाम गेल (इंडिया) लिमिटेड	न्यायाधीन*
3)	विधि / 33 / 2013	लैंको कोंडापाली पावर लिमिटेड बनाम गेल (इंडिया) लिमिटेड	न्यायाधीन*
4)	विधि / 34 / 2013	कोनसीमा गैस लिमिटेड बनाम गेल (इंडिया) लिमिटेड	न्यायाधीन*
5)	विधि / 36 / 2013	जीवीके गौतमी पावर लिमिटेड बनाम गेल (इंडिया) लिमिटेड	न्यायाधीन*
6)	विधि / 42 / 2013	टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड बनाम गेल	न्यायाधीन*
7)	विधि / 43 / 2013	रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड बनाम गेल	न्यायाधीन*
8)	विधि / 60 / 2013	अप्रावा एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व, सीएलपी इंडिया लिमिटेड) बनाम गुजरात स्टेट पेट्रोनेट लिमिटेड	न्यायाधीन*
9)	विधि / 53 / 2013	एस्सार पावर लिमिटेड बनाम जीएसपीएल	न्यायाधीन*
10)	विधि / 37 / 2013	जीवीके इंडस्ट्रीज लिमिटेड बनाम गेल	न्यायाधीन*
11)	विधि / 245 / 2018	गुजरात गैस लिमिटेड बनाम अडानी गैस लिमिटेड	न्यायाधीन
12)	विधि / 11 / 2019	गुजरात स्टेट पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड बनाम गेल (इंडिया) लिमिटेड (अपील सं. 290 / 2016 में एपीटीईएल से रिमांड किया गया)	न्यायाधीन
13)	विधि / 09 / 2019	साबरमती गैस लिमिटेड बनाम गेल	न्यायाधीन
14)	विधि / 10 / 2019	साबरमती गैस लिमिटेड बनाम गेल	न्यायाधीन
15)	विधि / 22 / 2021	थिंक गैस लुधियाना प्राइवेट लिमिटेड बनाम जय मधोक एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड	न्यायाधीन
16)	विधि / 40 / 2021	थिंक गैस लुधियाना प्राइवेट लिमिटेड बनाम जय मधोक एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड	न्यायाधीन
17)	विधि / 16 / 2022	चारोतार गैस सहकारी मंडली लिमिटेड बनाम गुजरात गैस लिमिटेड	न्यायाधीन
18)	विधि / 22 / 2022	इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड बनाम हरियाणा सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड	न्यायाधीन
19)	विधि / 23 / 2022	हरियाणा सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड बनाम इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड और अन्य	न्यायाधीन
20)	विधि / 28 / 2022	अडानी टोटल गैस लिमिटेड बनाम गुजरात गैस लिमिटेड	न्यायाधीन
21)	विधि / 29 / 2022	अडानी टोटल गैस लिमिटेड बनाम गुजरात गैस लिमिटेड	न्यायाधीन
22)	विधि / 30 / 2022	अडानी टोटल गैस लिमिटेड बनाम गुजरात गैस लिमिटेड	न्यायाधीन
23)	विधि / 31 / 2022	अडानी टोटल गैस लिमिटेड बनाम गुजरात गैस लिमिटेड	न्यायाधीन
24)	विधि / 03 / 2023 (पुराना संदर्भ: विधि / 27 / 2022)	थिंक गैस लुधियाना प्राइवेट लिमिटेड बनाम जय मधोक एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड एवं अन्य	न्यायाधीन
26)	विधि / 13 / 2023	सेंट्रल यू.पी. गैस लिमिटेड बनाम एचपीसीएल	न्यायाधीन
27)	विधि / 02 / 2023	इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड बनाम हरियाणा सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड एवं अन्य	न्यायाधीन
28)	विधि / 03 / 2023 (पुराना संदर्भ: विधि / 26 / 2022)	थिंक गैस लुधियाना प्राइवेट लिमिटेड बनाम जय मधोक एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड एवं अन्य	न्यायाधीन
29)	विधि / 04 / 2023 (पुराना संदर्भ: विधि / 27 / 2022)	थिंक गैस लुधियाना प्राइवेट लिमिटेड बनाम जय मधोक एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड एवं अन्य	न्यायाधीन



क्र. सं.	मामला संख्या	मामले का विवरण	स्थिति
30)	विधि / 07 / 2023	गेल (इंडिया) लिमिटेड	न्यायाधीन
31)	विधि / 08 / 2023	नॉफ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड	न्यायाधीन
32)	समीक्षा याचिका / 09 / 2023	जीएसपीएल इंडिया गैसनेट लिमिटेड	न्यायाधीन
33)	विधि / 10 / 2023	साबरमती गैस लिमिटेड बनाम एक्सारो टाइल्स लिमिटेड एवं अन्य	न्यायाधीन
34)	विधि / 11 / 2023	जय मधोक एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड लेड कंसोर्टियम बनाम थिंक गैस लुधियाना प्राइवेट लिमिटेड	न्यायाधीन
35)	निष्पादन याचिका सं. 01 / 2023 (पुराना संदर्भः विधि / 13 / 2022)	सेंट्रल यू.पी. गैस लिमिटेड बनाम हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	न्यायाधीन
36)	निष्पादन याचिका सं. 02 / 2023	जी.एच. गेडिया बनाम मैसर्स साबरमती गैस लिमिटेड	न्यायाधीन
37)	विधि / 12 / 2023 निष्पादन याचिका 03 / 2023	भाग्यनगर गैस लिमिटेड बनाम मैसर्स मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड	न्यायाधीन
38)	विधि / 13 / 2023	घनश्याम शर्मा बनाम हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	सूचीबद्ध किया जाना है
39)	विधि / 14 / 2023	गेल (इंडिया) लिमिटेड बनाम जीएसपीएल इंडिया गैसनेट लिमिटेड (जीआईजीएल) एवं अन्य	सूचीबद्ध किया जाना है
40)	विधि / 15 / 2023	आईएमसी लिमिटेड बनाम इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	सूचीबद्ध किया जाना है
41)	विधि / 01 / 2024	भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	सूचीबद्ध किया जाना है
42)	विधि / 02 / 2024	मैसर्स भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड बनाम सुश्री गेल इंडिया लिमिटेड एवं अन्य	सूचीबद्ध किया जाना है
43)	विधि / 03 / 2024	मैसर्स गुजरात गैस लिमिटेड बनाम गेल एवं न्यूट्रल गैस लिमिटेड	सूचीबद्ध किया जाना है
44)	विधि / 04 / 2024	मैसर्स गुजरात गैस लिमिटेड बनाम विर्गो लेमिनेट्स लिमिटेड शेल एनर्जी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड एवं आईनॉक्स इंडिया लिमिटेड	सूचीबद्ध किया जाना है
45)	विधि / 05 / 2024	मैसर्स गुजरात गैस लिमिटेड बनाम गेल एवं भारत ग्लास ट्यूब लिमिटेड	सूचीबद्ध किया जाना है
46)	विधि / 06 / 2024	मैसर्स गुजरात गैस लिमिटेड बनाम सेंचुरी एनका लिमिटेड और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	सूचीबद्ध किया जाना है
47)	विधि / 07 / 2024	मैसर्स गुजरात गैस लिमिटेड बनाम कॉम्फिया इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड और गेल (इंडिया) लिमिटेड	सूचीबद्ध किया जाना है
48)	विधि / 08 / 2024	मैसर्स गुजरात गैस लिमिटेड बनाम गेल (इंडिया) लिमिटेड, प्रगति ग्लास एंड इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड	सूचीबद्ध किया जाना है
49)	विधि / 09 / 2024	मैसर्स गुजरात गैस लिमिटेड बनाम गेल (इंडिया) लिमिटेड, बैंको गैसकेट लिमिटेड	सूचीबद्ध किया जाना है
50)	विधि / 10 / 2024	मैसर्स गुजरात गैस लिमिटेड बनाम गेल (इंडिया) लिमिटेड, सीजोन ग्रैनिटो प्राइवेट लिमिटेड	सूचीबद्ध किया जाना है

**मॉडल गैस ट्रांसमिशन समझौता दिशानिर्देश, 2012 के उल्लंघन के संबंध में गुजरात स्टेट पेट्रोनेट लिमिटेड या गेल (इंडिया) लिमिटेड के ग्राहकों द्वारा 10 संबंधित मामले दायर किए गए थे। विशेष अनुमति अपील (सी) सं. 31434 / 2014, जिसका शीर्षक टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड बनाम गेल (इंडिया) लिमिटेड एवं अन्य है, में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के दिनांक 21.11.2014 के आदेश के कारण तत्काल मामले बोर्ड के समक्ष सूचीबद्ध नहीं हैं; जिसमें यह निर्णय दिया गया था कि पीएनजीआरबी द्वारा कोई अंतिम आदेश पारित नहीं किया जाएगा।*

उपर्युक्त लंबित मामलों का निर्णय नहीं किया जा सका क्योंकि सदस्य (विधि) का पद 27.09.2023 से रिक्त था।



भाग 8: संगठनात्मक मामले

8.1 बोर्ड:

8.1.1. पीएनजीआरबी अधिनियम, 2006 के अनुसार, बोर्ड में अध्यक्ष, सदस्य (विधि) और तीन अन्य सदस्य होते हैं। बोर्ड के सदस्यों के नाम और कार्यकाल (31.03.2024 तक) नीचे दिए गए हैं:

क्र. सं.	पदनाम	नाम	कार्यकाल की अवधि
1	अध्यक्ष	श्री अनिल कुमार जैन	15 अक्तूबर, 2027 तक
2	सदस्य	श्री गजेंद्र सिंह	14 जून, 2025 तक
3	सदस्य	श्री अंजनी कुमार तिवारी	1 नवंबर, 2026 तक
4	सदस्य (विधि)	श्री अजीत कुमार पाण्डे	26.09.2023 को निधन

8.1.2 बोर्ड के सचिव का नाम और कार्यकाल नीचे दिया गया है:

क्र.सं.	पदनाम	नाम	कार्यकाल की अवधि
1.	सचिव	श्रीमती वंदना शर्मा	30 सितंबर, 2024

8.1.3 बोर्ड की बैठकें:

नीचे दिए गए विवरण के अनुसार 1 अप्रैल, 2023 से 31 मार्च, 2024 तक नौ बोर्ड बैठकें आयोजित की गईं:

क्र.सं.	बोर्ड की बैठक सं.	दिनांक
1	124वीं	25.04.2023
2	125वीं	22.06.2023
3	126वीं (आपातकाल)	27.06.2023
4	127वीं	17.08.2023
5	128वीं	05.10.2023
6	129वीं	21.11.2023
7	130वीं	27.12.2023
8	131वीं	20.02.2024
9	132वीं (आपातकाल)	27.03.2024

8.2 मानव संसाधन:

8.2.1 पीएनजीआरबी की स्वीकृत जनशक्ति अध्यक्ष, सदस्य और सचिव के पदों को छोड़कर संख्या 44 है। वित्त मंत्रालय (व्यय विभाग) द्वारा अनुमोदित स्वीकृत पद नीचे दिए गए हैं:



क्र.सं.	स्वीकृत पदों का विवरण	स्वीकृत जनशक्ति
1	सलाहकार	4
2	संयुक्त सलाहकार	4
3	उप निदेशक	4
4	सहायक निदेशक	2
5	पीपीएस	1
6	लेखाकार	1
7	रोकड़िया	1
8	बेंच अधिकारी	1
9	निजी सचिव	9
10	निजी सहायक	6
11	सहायक–सह–डाटा एंट्री ऑपरेटर	6
12	वरिष्ठ सचिवालय सहायक	5
	कुल	**44**

8.2.2 पीएनजीआरबी (वेतन, भत्ते और अधिकारियों और कर्मचारियों की सेवा की अन्य शर्तें) नियम, 2020 को 1 अक्तूबर, 2020 को अधिसूचित किया गया था। तदनुसार, केंद्र सरकार से पीएनजीआरबी में अधिकारियों और कर्मचारियों की नियुक्ति की प्रक्रिया प्रतिनियुक्ति पर तथा वैकल्पिक रूप से अल्पकालिक संविदा के आधार पर शुरू की गई थी। निम्नलिखित अधिकारियों और कर्मचारियों को केंद्र सरकार से प्रतिनियुक्त किया गया है:–

क्र. सं.	स्वीकृत पदों का विवरण	केंद्र सरकार से प्रतिनियुक्ति पर गए अधिकारी/कर्मचारी
1	संयुक्त सलाहकार	2
2	उप निदेशक	3
3	वरिष्ठ सचिवालय सहायक	1
	कुल	**6**

निम्नलिखित अधिकारियों और कर्मचारियों को अल्पकालिक अनुबंध के आधार पर नियुक्त किया गया है:

क्र .सं.	स्वीकृत पदों का विवरण	केंद्र सरकार से प्रतिनियुक्ति पर गए अधिकारी/कर्मचारी
1	उप निदेशक	2
2	सहायक निदेशक	2
3	पीपीएस	1
4	बेंच अधिकारी	1
5	लेखाकार	1
6	निजी सहायक	3
7	सहायक–सह–डेटा एंट्री ऑपरेटर	6
8	वरिष्ठ सचिवालय सहायक	1
	कुल	**17**



8.2.3 बोर्ड द्वारा समय–समय पर प्रत्येक प्रभाग की कार्य की मात्रा के अनुसार अपेक्षित परामर्शदाताओं की नियुक्ति भी की जाती है। बोर्ड द्वारा ऐसी नियुक्ति की प्रक्रिया और निबंधनों व शर्तों का निर्धारण करने के लिए विनियम बनाए गए हैं। 01 अप्रैल, 2023 से 31 मार्च, 2024 की अवधि के दौरान बोर्ड द्वारा 37 परामर्शदाताओं की नियुक्ति की गई थी। 31 मार्च, 2024 को परामर्शदाताओं की स्थिति निम्नानुसार है:

प्रभाग	स्तर– I	स्तर– II	स्तर– III	स्तर–IV	स्तर–V	स्तर–VI
विधि	4	1	–	–	–	–
निगरानी	5	–	1	–	–	–
तकनीकी (इंजी.)	3	1	–	–	1	–
प्राधिकार	4	–	–	–	–	–
वाणिज्यिक	2	2	–	2	–	–
प्रशासन	3	5	–	–	–	–
रणनीतिक योजना	–	–	1	–	–	2
कुल	**21**	**9**	**2**	**2**	**1**	**2**

8.2.4 नए प्रभागों की स्थापना

कार्य की प्रकृति के आधार पर बोर्ड में छह प्रभाग थे, अर्थात् प्राधिकार, निगरानी, तकनीकी, वाणिज्यिक, कानूनी और प्रशासन। मौजूदा संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से तीन और प्रभाग जोड़े गए, जो इस प्रकार हैं:

i. उपभोक्ता संरक्षण

ii. रणनीतिक योजना

iii. सांख्यिकी

8.2.5 नए कार्यालय परिसर की खरीद:

वर्तमान में, पीएनजीआरबी बाबर रोड स्थित विश्व व्यापार केंद्र (डब्ल्यूटीसी) की पहली मंजिल पर स्थित है और 2007 में अपनी स्थापना के बाद से पिछले 17 वर्षों से इसी परिसर में स्थित है। बोर्ड को जगह की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि बोर्ड का कार्यभार कई गुना बढ़ गया है तथा अधिकारियों और कर्मचारियों की संख्या भी बढ़ गई है। इसलिए, पीएनजीआरबी ने विश्व व्यापार केंद्र, नौरोजी नगर, नई दिल्ली में लगभग 160.97 करोड़ रुपए की लागत से एक कार्यालय परिसर खरीदा है। इसे एनबीसीसी (मैसर्स नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड) से खरीदा गया है, जिसे आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा डब्ल्यूटीसी का विकास और बिक्री का कार्य सौंपा गया है। इस परिसर का सुपर बिल्ट–अप क्षेत्र 40,139 वर्ग फुट (कार्पेट क्षेत्र 30,045 वर्ग फुट) है और यह फ्रीहोल्ड आधार पर खरीदा गया है। यह कदम पीएनजीआरबी की कार्यक्षमता को बढ़ाने के साथ–साथ किराए के खर्च में भी बड़ी बचत करेगा। नए परिसर में प्राकृतिक गैस और तरल पेट्रोलियम लॉजिस्टिक्स की प्रभावी योजना और निगरानी के लिए एक ''नेशनल सेंटर फॉर हाइड्रोकार्बन इन्फ्रास्ट्रक्चर मॉनिटरिंग'' भी स्थापित किया जा रहा है।



8.2.6 मानव संसाधन विकास

क. अध्ययन दौरे / सम्मेलन / प्रशिक्षण:

i. श्री अंजनी कुमार तिवारी, सदस्य और श्री पंकज भूटानी, संयुक्त सलाहकार ने पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइनों के परिवहन शुल्क का अध्ययन करने के लिए 14 से 23 जुलाई, 2023 तक अमेरिका का दौरा किया।

ii. श्री गजेंद्र सिंह, सदस्य, मोहम्मद तनवीर अख्तर, संयुक्त सलाहकार और श्री अंकुर जैन, उप सलाहकार ने पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइनों के परिवहन शुल्क का अध्ययन करने के लिए 20 से 28 अगस्त, 2023 तक कनाडा का दौरा किया।

iii. श्री अजीत कुमार पांडे, सदस्य (कानूनी), ने 4 से 9 सितंबर, 2023 तक सिंगापुर में गैसटेक सम्मेलन, 2023 में भाग लिया।

iv. लेफ्टिनेंट कर्नल कुमार अभिषेक, संयुक्त सलाहकार और श्री गगन अग्रवाल, उप निदेशक ने 01 से 06 अक्तूबर, 2023 तक अबू धाबी में एडीआईपीआईसी सम्मेलन, 2023 में भाग लिया।

v. लेफ्टिनेंट कर्नल कुमार अभिषेक, संयुक्त सलाहकार और श्री श्रेयस पलसुले, सहायक सलाहकार ने फोरम ऑफ इंडियन रेगुलेटर्स (एफओआईआर) द्वारा आयोजित विनियामक प्रशासन पर चार महीने के सर्टिफिकेट कोर्स में भाग लिया।

vi. श्री खाजा मोहिदीन, उप निदेशक, ने 11 और 12 अप्रैल, 2023 को वाराणसी, उ.प्र. में पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान पर क्षेत्रीय कार्यशाला में भाग लिया।

vii. श्री अंकुर जैन, उप सलाहकार, ने 24 से 28 अप्रैल, 2023 तक हैदराबाद में "निष्पादन उत्कृष्टता और प्रबंध संबंध" पर प्रबंधन विकास कार्यक्रम में भाग लिया।

viii. श्री सोमांशु जैराथ और श्री शारिक हुसैन, सहायक सलाहकार 1 और 2 जून, 2023 को बीआईएसएजी–एन सीपीएसई प्रशिक्षण मॉड्यूल में पीएम गतिशक्ति की कार्यशाला में शामिल हुए।

ix. श्री पंकज भूटानी, संयुक्त सलाहकार 8 से 6 जून, 2023 तक निदेशकों और बोर्डरूम प्रभावशीलता के लिए मास्टर क्लास पर मुंबई में प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए।

x. श्री श्रेयस पलसुले, सहायक सलाहकार और श्री ललित पंचपाल, सहायक सलाहकार ने 12 से 15 सितंबर, 2023 तक ऊर्जा परिवर्तन पर एफएसआर ग्लोबल – स्कूल द्वारा आयोजित प्रशिक्षण में भाग लिया।

xi. श्री मोहित बुद्धिराजा, बेंच अधिकारी ने 12 से 23 फरवरी, 2024 तक विधि और न्याय मंत्रालय के एक विंग इंस्टीट्यूट ऑफ लेजिस्लेटिव ड्राफ्टिंग एंड रिसर्च द्वारा आयोजित विधायी प्रारूपण में 25वें प्रशंसा पाठ्यक्रम में भाग लिया।

xii. कर्मचारियों के लिए एमएस–एक्सेल (बेसिक और एडवांस) पर साप्ताहिक प्रशिक्षण 29.08.2024 और 18.12.2023 को दो बार आयोजित किया गया।



ख. ज्ञान साझा करने वाले व्याख्यानः

i. अग्रणी पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विशेषज्ञ श्री चंद्र भूषण ने 14 दिसंबर, 2023 को "भारत के लिए जलवायु परिवर्तन चुनौती" पर अपने विचार साझा किए।

ii. कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के निदेशक (विपणन) श्री मुकेश चौधरी ने 3 जनवरी, 2024 को "मध्यम अवधि में बिजली ईंधन मिश्रण में परिवर्तन की संभावनाएं" पर एक व्याख्यान दिया।

iii. ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के निदेशक श्री सौरभ दीद्दी ने 5 मार्च, 2024 को "कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग स्कीम परफॉर्म अचीव एंड ट्रेड (पीएटी) और नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाणपत्र (आरईसी) योजनाओं" पर एक व्याख्यान दिया।

iv. सुश्री धिया ऐन मैथ्यू, राष्ट्रीय महासचिव, यंग वुमन क्रिश्चियन एसोसिएशन ऑफ इंडिया, नई दिल्ली, ने 8 मार्च, 2024 को 'कार्यस्थल को महिलाओं के अनुकूल बनाने और कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न की रोकथाम से संबंधित मुद्दों पर जागरूकता' विषय पर एक व्याख्यान दिया।

8.3 सूचना का अधिकार अधिनियम (आरटीआई), 2005

8.3.1 सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 (आरटीआई) का उद्देश्य एक पारदर्शी, उत्तरदायी, नागरिक–अनुकूल पद्धति के माध्यम से सुशासन के उद्देश्यों को पूरा करना तथा जनसाधारण को समस्त सूचना प्रदान करना है। सूचना का अधिकार अधिनियम प्रकोष्ठ की अध्यक्षता नोडल अधिकारी ले. कर्नल पवन कुमार उनियाल, संयुक्त सलाहकार द्वारा की जाती हैं जहाँ सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत जानकारी प्राप्त करने के लिए आवेदन प्राप्त होते हैं। इसके अलावा, सूचना का अधिकार की सूचनाएं अब कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के ऑनलाइन आरटीआइएमआइएस पोर्टल से भी ली जा रही हैं।

8.3.2 संगठन का विवरण, इसके कार्य एवं कर्तव्य तथा सीपीआईओ और अपीलीय प्राधिकारी आदि का पदनाम आदि से संबंधित सूचना पब्लिक डोमेन पर प्रदर्शित की जाती है। बोर्ड सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 4(2) के अंतर्गत पीएनजीआरबी की वेबसाइट को अद्यतन करके नियमित अंतराल पर स्वतः जनसाधारण को सूचना भी उपलब्ध करवा रहा है।



8.3.3 आरटीआई/अपीलों का विवरण इस प्रकार है:

अवधि	आरटीआई		अपील	
	प्राप्त	31.03.2024 को लंबित	प्राप्त	31.03.2024 को लंबित
1 अप्रैल, 2023 से 31 मार्च 2024 तक	215	14	19	01

8.4 सतर्कता मामले:

बोर्ड में 2023–24 के दौरान कोई भी सतर्कता मामला विचाराधीन या लंबित नहीं था।

8.5 राजभाषा का कार्यान्वयन और प्रोत्साहन

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए हिंदी के उत्तरोत्तर प्रयोग पर चर्चा और समीक्षा करने के लिए प्रत्येक तिमाही में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गईं।

कर्मचारियों को उनके दैनिक कार्यों में राजभाषा का अधिकतम प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित और प्रेरित करने हेतु विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी स्तरों पर प्रयास किए गए। पीएनजीआरबी की वेबसाइट द्विभाषी है।

राजभाषा के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित गतिविधियाँ की गईं:–

(क) दिनांक 14 सितंबर से 29 सितंबर, 2023 तक हिंदी पखवाड़ा आयोजित किया गया। पखवाड़े के दौरान अनुवाद प्रतियोगिता, हिंदी नारा लेखन प्रतियोगिता, हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता, राजभाषा और सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, हिंदी मुहावरे और कहावत प्रतियोगिता जैसी विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

(ख) वर्ष 2023–24 के दौरान हिंदी पत्रिका "पीएनजीआरबी दर्पण" का तीसरा अंक प्रकाशित किया गया। राजभाषा पखवाड़ा के समापन समारोह के दौरान पीएनजीआरबी के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार जैन ने पत्रिका का विमोचन किया।

(ग) कर्मचारियों के ज्ञान को बढ़ाने के लिए वर्ष के दौरान ''हिंदी वर्तनी का मानकीकरण, राजभाषा हिंदी की संवैधानिक स्थिति और प्रावधान, सरकारी नियम, अधिनियम और नीतियां तथा ई–ऑफिस में हिंदी में काम करने के लिए उपयोगी शब्द और वाक्यांश'' जैसे विषयों पर पांच हिंदी कार्यशालाएं आयोजित की गईं।

(घ) कर्मचारियों को हिंदी का प्रयोग बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए वर्ष के दौरान पोस्टर प्रतियोगिता, राजभाषा प्रश्नोत्तरी, नारा प्रतियोगिता, चित्र वर्णन प्रतियोगिता और श्रुतलेख प्रतियोगिता जैसी नियमित हिंदी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

(ङ) कर्मचारियों में हिंदी साहित्य के प्रति रुचि पैदा करने के लिए पुस्तकालय के लिए नियमित रूप से हिंदी भाषा की पुस्तकें खरीदी गईं।

(च) राजभाषा हिंदी के ज्ञान को बढ़ाने के लिए, प्रतिदिन नोटिस बोर्ड पर पांच अंग्रेजी शब्दों के साथ उनका हिंदी अनुवाद प्रदर्शित किया जाता है।



8.6 विविध गतिविधियाँ

8.6.1 विश्व पर्यावरण दिवस (05 जून, 2023)

पीएनजीआरबी ने 5 जून, 2023 को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। कार्यक्रम के दौरान सभी कर्मचारियों को पौधे वितरित किए गए। विश्व पर्यावरण दिवस की थीम 'प्लास्टिक प्रदूषण को हराना' थी।



विश्व योग दिवस समारोह में भाग लेते कर्मचारी

8.6.2 विश्व योग दिवस (21 जून, 2023)

पीएनजीआरबी ने 21 जून, 2023 को एक कार्यक्रम आयोजित करके विश्व योग दिवस मनाया, जिसमें योग के बारे में जागरूकता प्रसारित करने और दैनिक जीवन में इसके फायदों और महत्व को समझाने के लिए एक योग प्रशिक्षक को बुलाया गया था। विश्व योग दिवस का थीम 'वसुधैव कुटुम्बकम' अर्थात् 'दुनिया एक परिवार है' के लिए योग था।



स्वच्छता पखवाड़ा पर स्वच्छता गतिविधियाँ

8.6.3 स्वच्छता पखवाड़ा (01–15 जुलाई 2023)

पीएनजीआरबी ने 1 से 15 जुलाई 2023 के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करके स्वच्छता पखवाड़ा मनाया। सभी कर्मचारियों ने स्वच्छता की शपथ ली। प्रतिभागियों ने शपथ ली कि वे स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्ध रहेंगे और इसके लिए समय निकालेंगे। पीएनजीआरबी परिसर के अंदर और बाहर कई सफाई अभियान चलाए गए और कर्मचारियों ने अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लिया। पुनानी वस्तुओं, बक्सों, फाइलों, कागज के कचरे, इलेक्ट्रॉनिक कचरे आदि का निपटान किया गया।



सचिव पीएनजीआरबी और राष्ट्रीय महासचिव, वाईडब्ल्यूसीए सभी पीएनजीआरबी महिला कर्मचारियों के साथ

8.6.4 पीएनजीआरबी में 08 मार्च, 2024 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया।

8 मार्च 2024 को पीएनजीआरबी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस, 2024 मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान, मुख्य अतिथि, सुश्री धिया एन. मैथ्यू, राष्ट्रीय महासचिव, वाईडब्ल्यूसीए, दिल्ली द्वारा "डिजिटऑलः लैंगिक समानता के लिए नवाचार और प्रौद्योगिकी" विषय पर एक व्याख्यान दिया गया।

इस दिन, एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम और गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें सभी महिला कर्मचारियों ने भाग लिया।



श्री अंजनी कुमार तिवारी, सदस्य, पीएनजीआरबी ने 21–22 दिसंबर, 2023 को तिरुवनंतपुरम, केरल में आयोजित एफओआईआर सम्मेलन में भाग लिया



8.6.5 भारतीय विनियामकों का मंच (एफओआईआर)

भारतीय विनियामकों का मंच सोसायटी पंजीकरण अधिनियम के तहत एक पंजीकृत सोसायटी है। इस मंच में बिजली, बंदरगाह, विमानन, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, प्रतिस्पर्धा और दिवालियापन जैसे क्षेत्रों के विनियामक शामिल हैं। यह विनियामकों को विनियामक प्रक्रियाओं और पद्धतियों में उभरते मुद्दों पर चर्चा करने, भारत में विनियामकों के सामने आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए आम रणनीति विकसित करने तथा जानकारी और अनुभव का आदान–प्रदान करने के लिए एक साझा मंच प्रदान करता है। पीएनजीआरबी एफओआईआर का सदस्य है।

8.7 अंतर्राष्ट्रीय सहयोग

8.7.1. संघीय ऊर्जा विनियामक आयोग, (एफईआरसी) अमेरिका के साथ समझौता–ज्ञापनः

पीएनजीआरबी ने 14 मार्च, 2019 को ह्यूस्टन, अमेरिका में संघीय ऊर्जा विनियामक आयोग, (एफईआरसी) यूएसए के साथ समझौता–ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। प्राधिकरणों के विनियामक अधिकार क्षेत्र के तहत तेल और प्राकृतिक गैस क्षेत्रों में समझौता–ज्ञापन के उद्देश्यों को निम्नलिखित रूप में संक्षेप में दिया जा सकता हैः–

क) तेल और प्राकृतिक गैस क्षेत्रों से संबंधित एक–दूसरे के कानूनों, नियमों और विनियमों तथा इन क्षेत्रों को विनियमित करने में उनके अनुभवों के बारे में जानकारी का आदान–प्रदान करना, ताकि अपने–अपने देशों में सर्वोत्तम प्रद्धतियों के बारे में सीखा जा सकें और प्रतिस्पर्धी बाजारों के विकास को बढ़ावा दिया जा सकें।

ख) आपसी हित के क्षेत्र पर परामर्श

ग) अनुरोध और व्यवहार्यता के अनुसार दूसरे विनियामक निकाय के कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान करना।

घ) विनियामक मुद्दों पर तकनीकी क्षमताओं में सुधार के लिए तकनीकी सहायता, जिसमें निम्नलिखित शामिल हैंः–

i. निष्पक्ष व्यापार और प्रतिस्पर्धी बाजारों को बढ़ावा देने के लिए एक विनियामक ढांचे का विकास

ii. सामान्य वाहक के लिए खुली पहुंच को विनियमित करने के लिए दिशा–निर्देश

iii. टैरिफ का विकास।

फरवरी, 2023 में विनियामकों के बीच सहयोग और भविष्य की रणनीतियों, दृष्टिकोणों, हाइड्रोजन आदि पर चर्चा के लिए पीएनजीआरबी में आयुक्त, संघीय ऊर्जा विनियामक आयोग, अमेरिका के साथ एक बैठक आयोजित की गई।

8.7.2 अमेरिकन सोसाइटी ऑफ मैकेनिकल इंजीनियर्स (एएसएमई) के साथ समझौता–ज्ञापन

बोर्ड ने पाइपलाइन निरीक्षण और कार्मिक योग्यता कार्यक्रम को लागू करने और एएसएमई कार्य समूहों और प्रशिक्षण मंचों में भाग लेने के अवसरों का पता लगाने के लिए एएसएमई–अमेरिकन सोसाइटी ऑफ मैकेनिकल इंजीनियर्स के साथ समझौता–ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।



इसके अलावा, एएसएमई निम्नलिखित क्षेत्रों में अतिरिक्त अवसरों की खोज में पीएनजीआरबी के साथ सहयोग करेगा:

i) लेखापरीक्षा कार्यों और पाइपलाइन रखरखाव में भारतीय पाइपलाइन कर्मियों को प्रशिक्षित करना।

ii) पाइपलाइन निरीक्षकों के लिए योग्यता पर मार्गदर्शन दस्तावेज़ का निर्माण।

iii) पाइपलाइन निरीक्षकों के लिए योग्यता मानदंड, परीक्षा और जांच–सूची का विकास।

iv) पाइपलाइन कर्मियों के लिए बी31क्यू के अनुसार प्रशिक्षण और परीक्षाओं का विकास और कार्यान्वयन।

8.7.3 अमेरिका–भारत निम्न उत्सर्जन गैस कार्यबल

भारत की ऊर्जा बॉस्केट में गैस की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए अमेरिका–भारत रणनीतिक स्वच्छ ऊर्जा भागीदारी के तहत अमेरिका–भारत निम्न उत्सर्जन गैस कार्यबल का गठन किया गया था। इसके बाद, इस कार्यबल का नाम बदलकर निम्न उत्सर्जन गैस कार्यबल कर दिया गया, ताकि कंप्रेस्ड बायो गैस, प्राकृतिक गैस में हाइड्रोजन का मिश्रण आदि जैसे अन्य कम उत्सर्जन ऊर्जा विकल्पों के उपयोग पर ध्यान केंद्रित किया जा सकें। पीएनजीआरबी के संयुक्त सलाहकार श्री एस.सी. गुप्ता बाज़ार और विनियामक उप–समिति के सह–अध्यक्ष हैं।

भारत–अमेरिका संयुक्त उप–समिति ने गैस बाजारों और बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देने के लिए बुनियादी ढांचे के विकास, गैस मूल्य निर्धारण और विपणन स्वतंत्रता, पाइपलाइन पहुंच, गैस पाइपलाइनों के लिए आरओयू अधिग्रहण और गैस पाइपलाइन टैरिफ की प्राधिकार प्रक्रिया पर पांच पेपरों को अंतिम रूप दिया है। वर्तमान में, उप–समिति हाइड्रोजन, कंप्रेस्ड बायो गैस आदि के साथ मिश्रित प्राकृतिक गैस के परिवहन के लिए मौजूदा गैस बुनियादी ढांचे को फिर से तैयार करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

8.7.4 पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामकों का अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामकों के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन संस्करण पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) के तत्वावधान में 5–8 फरवरी 2024 के बीच भारत ऊर्जा सप्ताह ('आईईडब्ल्यू') 2024, गोवा के दौरान आयोजित किया गया था। सम्मेलन में बांग्लादेश, इंडोनेशिया, मलेशिया, श्रीलंका और थाईलैंड के प्रमुख दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्रीय ऊर्जा विनियामक प्राधिकारियों के साथ–साथ अंतरराष्ट्रीय उद्योग के नेता शामिल हुए।

सम्मेलन का मुख्य विषय 'प्राकृतिक गैस विकास के मार्गों की खोज' था, जिसमें प्राकृतिक गैस की भूमिका पर जोर दिया गया जो उभरते और विकासशील देशों के जलवायु लक्ष्यों को पूरा करने के लिए तेज और गहन उत्सर्जन कमी में सहायक है। पाँच पूर्ण सत्रों में विभिन्न विषयों पर चर्चा केंद्रित रही, जिसमें ऊर्जा सुरक्षा को प्रभावित करने वाली भू–राजनीतिक अनिश्चितताएँ, तीव्र अवसंरचना विकास, सार्वजनिक–निजी भागीदारी और संस्थागत विकास शामिल थे। अंतरराष्ट्रीय विनियामकों के विशेष गोलमेज सम्मेलन ने विनियामक ढाँचों के संरक्षकों को एक साथ लाकर सर्वोत्तम पद्धतियों को साझा करने, ऊर्जा सुरक्षा बढ़ाने के लिए सीमापार सहयोगी रणनीतियों और प्रभावी शासन सुनिश्चित करने के लिए मंच प्रदान किया।

माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस तथा आवासन और शहरी कार्य मंत्री, श्री हरदीप सिंह पुरी ने सभा को संबोधित करते हुए भारत के ऊर्जा मिश्रण में प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी 6% से बढ़ाकर 15% करने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को दोहराया। उन्होंने इस पहल की सराहना की और जोर दिया कि आगे चलकर तेल और गैस विनियामकों के अंतर्राष्ट्रीय विनियामक सम्मेलन को आईईडब्ल्यू की एक अभिन्न विशेषता बनाया जाना चाहिए। डॉ. अनिल कुमार जैन, अध्यक्ष, पीएनजीआरबी ने प्राकृतिक गैस विकास के लिए प्रभावी विनियामक ढांचे तैयार करने के लिए ज्ञान साझा करने हेतु दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के बीच क्षेत्रीय सहयोग के महत्व पर जोर दिया।

वक्ताओं के सम्मानित समूह ने ऊर्जा मिश्रण में प्राकृतिक गैस की आवश्यकता और नेट–जीरो उत्सर्जन को प्राप्त करने के लिए एक परिवर्तनीय ईंधन के रूप में इसकी भूमिका को आगे बढ़ाया। उन्होंने विकासशील देशों को ऊर्जा आपूर्ति को प्रभावित करने वाली भू–राजनीतिक अनिश्चितताओं और ऊर्जा आपूर्ति को सुरक्षित करने के लिए वैश्विक दक्षिण से एकजुट मोर्चे की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। इस संवाद ने भारत में प्राकृतिक गैस के विनियामक और अवसंरचना विकास पर विशेष ध्यान केंद्रित किया, विशेष रूप से समग्र अवसंरचना विकास और नगर गैस वितरण क्षेत्र के लिए, ताकि विश्वसनीय और सस्ती स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध कराई जा सकें। उद्योग जगत के नेताओं ने दक्षिण और दक्षिण–पूर्व एशियाई देशों के बीच परस्पर जुड़े गैस और बिजली ग्रिड के माध्यम से एक क्षेत्रीय स्वच्छ ऊर्जा एजेंडा की आवश्यकता पर जोर दिया। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामकों का अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन विशेषज्ञता के लिए एक केंद्र के रूप में कार्य करता है, जो विभिन्न हितधारकों को नेटवर्क विकसित करने, ज्ञान का आदान–प्रदान करने और प्राकृतिक गैस विकास के भविष्य को आकार देने के लिए साझेदारी बनाने का अवसर प्रदान करता है।



गोवा में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामकों का अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन



8.8 बनाए गए/संशोधित नए विनियम

पीएनजीआरबी ने 1 अप्रैल, 2023 से 31 मार्च, 2024 की अवधि के दौरान निम्नलिखित विनियम/संशोधन विनियम जारी किए हैं:

क्र. सं.	राजपत्र क्र.सं.	विषय	राजपत्र में प्रकाशन की तारीख
1	649	पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन परिवहन शुल्क का निर्धारण) संशोधन विनियम, 2023	20.09.2023
2	745	पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (ऑटोमोटिव ईंधन के वितरण के लिए सुरक्षा मानकों सहित तकनीकी मानक और विशिष्टियों) संशोधन विनियम, 2023	01.11.2023
3	840	पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने के लिए कंपनियों को अधिकृत करना) संशोधन विनियम, 2023	18.12.2023
4	839	पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पेट्रोलियम और पेट्रोलियम पाइपलाइन परिवहन शुल्क का निर्धारण) दूसरा संशोधन विनियम, 2023	18.12.2023
5	796	पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (सलाहकारों की नियुक्ति) संशोधन विनियम, 2023	01.12.2023
6	101	पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क के लिए सुरक्षा मानकों सहित तकनीकी मानक और विशिष्टियों) संशोधन विनियम, 2024	16.02.2024
7	100	पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन परिवहन शुल्क निर्धारण) संशोधन विनियम, 2008	15.02.2024
8	168	पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (गैस विनिमय) संशोधन विनियम, 2024	07.03.2024



भाग 9: गैर–अनुपालन

9.1.1 पीएनजीआरबी ने 26 नवंबर 2007 को पीएनजीआरबी (शुल्क और अन्य प्रभार लगाना) विनियम, 2007 ('अन्य प्रभार विनियम') अधिसूचित किया। इसके बाद, उक्त विनियमों को 7 जून 2010, 21 जून 2013, 3 जनवरी 2019, 13 मई 2020, 28 सितंबर 2020, 27 अगस्त 2021 और 2 अगस्त, 2022 के संशोधन विनियमों के तहत संशोधित किया गया। मौजूदा विनियम के अनुसार किसी भी प्रकृति की प्राकृतिक गैस पाइपलाइन या पेट्रोलियम या पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन या नगर या स्थानीय गैस वितरण नेटवर्क बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार में लगी कोई भी कंपनी प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए निर्दिष्ट प्रत्येक पाइपलाइन या सीजीडी नेटवर्क के संबंध में बोर्ड को अन्य शुल्क का भुगतान करेगी, अर्थात् 1 अप्रैल से शुरू होकर अगले वर्ष के 31 मार्च को समाप्त होने वाली 12 महीने की अवधि के लिए, वित्तीय वर्ष की शुरुआत से दो महीने की अवधि के भीतर अर्थात् 31 मई तक।

उपर्युक्त विनियमों के अनुसार निम्नलिखित कंपनियों ने शुल्क और अन्य प्रभार नियमों के विनियम 4 का अनुपालन नहीं किया है: –

राशि (₹ लाख में)

क्र. सं.	कंपनी का नाम	31.03.2024 तक लंबित अन्य शुल्क (अधिभार सहित)*
1.	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	575.34
2.	हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	147.80
3.	भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	128.23
4.	इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड#	67.22
5.	जय मधोक एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड	37.55
6	बंगाल गैस कंपनी लिमिटेड#	7.80
7.	केईआई–आरएसओएस पेट्रोलियम एंड एनर्जी लिमिटेड	6.69
8.	रिकासिल सिरेमिक इंड प्राइवेट लिमिटेड	6.69
9.	महाराज सोप्स इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड	5.06
10.	स्टील एक्सचेंज इंडिया लिमिटेड	1.11
11.	जीपी कराईकल एलएनजी प्राइवेट लिमिटेड#	1.10
12.	दीपक फर्टिलाइजर्स एंड पेट्रोकेमिकल्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड #	1.10
कुल		**985.69**

**वर्तमान विनियमों के अनुसार निश्चित/न्यूनतम शुल्क के आधार पर लगाया गया।*

 # वित्तीय वर्ष 2024–25 में प्राप्त अन्य शुल्क।



उपर्युक्त के अतिरिक्त, गुजरात गैस कंपनी लिमिटेड, साबरमती गैस लिमिटेड और ओएनजीसी (वित्त वर्ष 2018–19 तक) और कलकत्ता कंप्रेशन्स एंड लिक्विफैक्शन इंजीनियरिंग लिमिटेड से अन्य शुल्क भी लंबित हैं, जिन्हें बोकारो और धनबाद के लिए एनओसी दी गई है (2017–18 और 2018–19 के लिए लंबित) और इन कंपनियों से अपेक्षित राजस्व विवरण के अभाव में अभी तक इसकी मात्रा निर्धारित नहीं की गई है।

9.1.2 अधिनियम की धारा 11(क) के अनुसार बोर्ड को कंपनियों के बीच निष्पक्ष व्यापार और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देकर उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए उपयुक्त उपाय करने की आवश्यकता है। तदनुसार, प्रमुख एलएनजी टर्मिनलों द्वारा अपनाई गई वित्तीय और लागत संरचनाओं को समझने के लिए बोर्ड ने पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड सहित कुछ प्रमुख रीगैस टर्मिनलों को ऐतिहासिक भौतिक और वित्तीय प्रदर्शन, री–गैसीकरण शुल्क की लागत संरचना, बंधी हुई क्षमताएं, टर्मिनलों का उपयोग, टर्मिनलों के उपयोग को बढ़ाने के प्रयास, भावी व्यावसायिक योजनाएं आदि प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया। यह उल्लेखनीय है कि उच्च रीगैस शुल्क का उपभोक्ताओं के लिए गैस की कीमत पर व्यापक प्रभाव पड़ता है।

पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड ने चर्चा में भाग लेने से इनकार कर दिया और बोर्ड को एक पत्र भेजा, जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ कहा गया कि पीएनजीआरबी अधिनियम की धारा 11 के कार्यक्षेत्र, अर्थ और उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, धारा 15 के साथ–साथ प्रस्तुतीकरण के रूप में वांछित जानकारी धारा 11(क) के दायरे में नहीं आती है। पीएलएल ने आगे कहा कि चूंकि वह एक सूचीबद्ध कंपनी है, इसलिए इसके वित्तीय विवरण लागू कानून की आवश्यकताओं के अनुसार सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध हैं। उपर्युक्त के परिणामस्वरूप, बोर्ड गैस की प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार लाने के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण विषय की गंभीर जांच करने से वंचित रह गया।



भाग 10: वित्त और लेखा

10.1 केंद्र सरकार से अनुदान संबंधी प्रावधान और पीएनजीआरबी निधियों से संबंधित प्रावधान

10.1.1 पीएनजीआरबी अधिनियम की धारा 38 के अनुसार केंद्र सरकार वार्षिक बजट को अनुदान सहायता के रूप में आवंटित कर सकती है।

पीएनजीआरबी अधिनियम की धारा 39(1) पीएनजीआरबी फंड नामक एक फंड के गठन का प्रावधान करती है, जिसमें बोर्ड द्वारा केंद्र सरकार द्वारा अनुमोदित अन्य स्रोतों से प्राप्त सभी अनुदान, शुल्क, दंड, प्रभार और राशि जमा की जाती है। इस फंड का उपयोग अधिनियम के प्रावधानों को लागू करने में होने वाले खर्चों के लिए किया जाएगा।

10.1.2 अपने खर्चों को पूरा करने के लिए पीएनजीआरबी आय का उपयोग

बोर्ड ने 1 जून 2020 से अनुदान सहायता लेना बंद करने और अपने खर्चों का प्रबंधन अपनी स्वयं की आय से करने का निर्णय लिया। पीएनजीआरबी ने वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए अप्रैल और मई 2020 के महीनों के लिए अंतिम अनुदान सहायता प्राप्त की है (₹23.53 करोड़ के कुल स्वीकृत अनुदान सहायता की तुलना में ₹3.48 करोड़)।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पीएनजीआरबी को केवल कॉर्पस फंड पर ब्याज आय और खर्चों को पूरा करने के लिए आवर्ती शुल्क और अन्य शुल्कों का 75% उपयोग करने की अनुमति दी है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कॉर्पस फंड को कम न करने का भी निर्देश दिया है।

10.2 अन्य शुल्क लगाना

10.2.1 धारा 61(2)(छ) के साथ पठित धारा 11(छ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बोर्ड ने पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (शुल्क एवं अन्य प्रभार वसूली) विनियम, 2007 बनाया, जिसे 26 नवंबर 2007 को अधिसूचित किया गया था। बाद में अन्य प्रभार विनियमों में संशोधन किया गया तथा उन्हें 07 जून, 2010, 21 जून, 2013, 3 जनवरी, 2019, 13 मई, 2020, 28 सितंबर, 2020, 27 अगस्त, 2021 और 2 अगस्त, 2022 को अधिसूचित किया गया।

10.2.2 दिनांक 2 अगस्त 2022 की अधिसूचना के माध्यम से विनियमों में अनुबंध कनेक्टिविटी पाइपलाइन के लिए आवेदन शुल्क और अन्य कंपनी के पक्ष में प्राधिकार के त्याग के लिए आवेदन शुल्क और 51% से कम इक्विटी शेयरधारिता/हिस्सेदारी आदि के हस्तांतरण के लिए आवेदन शुल्क को शामिल किया गया है।



10.3 असंतुलन और अधिक प्रभार लेने की वसूलियां

10.3.1 बोर्ड ने 13 अगस्त 2019 को पीएनजीआरबी (सामान्य वाहक या संविदा वाहक प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के लिए एक्सेस कोड) संशोधन विनियम, 2019 को अधिसूचित किया। इस संशोधन के तहत परिवहनकर्ताओं द्वारा अब तक अनियमितता और अधिक खपत शुल्क के रूप में एकत्र की गई राशियाँ, जो एस्क्रो खाता में रखी गई थीं, पीएनजीआरबी द्वारा बनाए गए बैंक खाता में स्थानांतरित की जाती हैं। इसके अलावा, परिवहनकर्ताओं को भविष्य में प्रत्येक तिमाही में अनियमितता और अधिक खपत शुल्क एकत्र करके स्थानांतरित करने की आवश्यकता होती है। बोर्ड ने 16 जून, 2022 को 'अनियमितता/अधिक खपत शुल्क फंड के उपयोग के लिए दिशा–निर्देश' तैयार किए हैं, जो वित्त वर्ष 2022–23 से लागू हैं।

10.3.2 विभिन्न कंपनियों द्वारा जमा की गई धनराशि और उस पर ब्याज आय का विवरण नीचे तालिका में दिया गया है:

₹ करोड़ में

	वित्त वर्ष 2023–24
वर्ष की शुरुआत में शेष राशि	423.05
वर्ष के दौरान कंपनियों द्वारा हस्तांतरित	62.64
वर्ष के दौरान प्राप्त और अर्जित ब्याज	31.66
वर्ष के अंत में शेष राशि	**517.35**
जमा: बैंकों में सावधि जमा	**383.34**
ब्याज अर्जित लेकिन देय नहीं	**12.14**
पूंजी खाते पर आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय को अग्रिम	**121.62**
स्रोत पर कर कटौती	**0.25**

10.4 अधिशेष निधियों का निवेश

10.4.1 सावधि जमा (टीडी) के रूप में अल्पकालिक अधिशेष निधियों के निवेश की नीति को बोर्ड द्वारा 28 फरवरी, 2018 को आयोजित अपनी 72वीं बैठक में अनुमोदित किया गया था। इस नीति में बाद में और समय–समय पर और संशोधन किया गया है। उक्त नीति के अनुसार बोर्ड द्वारा निवेश के लिए उपलब्ध एक करोड़ रुपए से अधिक की अधिशेष निधियों के निवेश के लिए प्रतिस्पर्धी बोलियां आमंत्रित की जाती हैं। उक्त नीति के अनुसार 31 मार्च, 2024 तक ₹883.35 करोड़ (पीएनजीआरबी निधि – ₹473.69 करोड़, एपीटीईएल निर्देशित जमा–₹26.32 करोड़ तथा असमान और अतिव्यय प्रभार निधि – ₹383.34 करोड़) का निवेश अधिसूचित सार्वजनिक क्षेत्र के सात बैंकों में किया गया है।



10.5 पंचवर्षीय वित्तीय विशेषताएं

₹ करोड़ में

	वित्त वर्ष 2019–20	वित्त वर्ष 2020–21	वित्त वर्ष 2021–22	वित्त वर्ष 2022–23	वित्त वर्ष 2023–24
भारत सरकार से अनुदान–सहायता	19.10	3.48	0.00	0.00	0.00
ब्याज	17.72	17.29	17.54	21.76	33.46
अन्य प्रभार लगाना तथा अन्य प्रभारों पर अधिभार (पूर्व अवधि सहित)	23.70	23.03	23.40	27.76	42.17
सीजीडी नेटवर्क और पाइपलाइन के लिए आवेदन शुल्क	1.70	0.92	87.50	11.27	6.51
अन्य प्राप्तियां	4.48	5.34	7.54	3.97	41.69
कुल सकल प्राप्तियां	**66.70**	**50.06**	**135.98**	**64.76**	**123.83**
व्यय (पिछले वर्षों सहित)	26.43	25.40	27.32	27.46	33.02
निवल प्राप्तियां	**40.27**	**24.66**	**108.66**	**37.30**	**90.81**
मूल्यह्रास	0.44	0.56	0.42	0.42	0.47
पिछले वर्षों के लिए आयकर का प्रावधान	(5.31)	-	-	-	-
पीएनजीआरबी निधि में अंतरित किया गया निवल अधिशेष	**45.14**	**24.10**	**108.24**	**36.88**	**90.34**

10.6 वार्षिक लेखा विवरण

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 5 जून, 2020 की अधिसूचना द्वारा पीएनजीआरबी (वार्षिक विवरण और लेखा रिकॉर्ड) संशोधन नियम, 2020 प्रकाशित किया। वित्तीय वर्ष 2023–24 के लेखाओं का वार्षिक विवरण संशोधित नियमों में निर्धारित प्रारूप के अनुसार तैयार किया गया है।

वित्तीय वर्ष 2023–24 के लेखाओं का वार्षिक विवरण सीएंडएजी द्वारा लेखा–परीक्षित किया गया है। यह सीएंडएजी की एकल लेखापरीक्षा रिपोर्ट सहित संलग्न है।



पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड

31 मार्च, 2024 को तुलन–पत्र

(₹ लाख में)

कॉर्पस/पूंजीगत निधि और देयताएं	अनुसूची	वर्तमान वर्ष	पिछला वर्ष
कॉर्पस/पूंजीगत निधि		48,241.64	39,208.05
रिजर्व और अधिशेष	2	-	-
निर्धारित/बंदोबस्ती निधि	3	51,735.51	42,305.43
सुरक्षित ऋण और उधार	4	-	-
असुरक्षित ऋण और उधार	5	-	-
आस्थगित ऋण देयताएं	6	-	-
वर्तमान देनदारियां और प्रावधान	7	4,824.23	6,537.23
कुल		**1,04,801.38**	**88,050.71**
परिसंपत्तियां			
अचल परिसम्पत्तियां	8	139.08	105.72
निवेश–निर्धारित/बंदोबस्ती निधियों से	9	40,965.80	42,872.75
निवेश–अन्य	10	47,369.13	40,119.40
वर्तमान संपत्ति, ऋण, अग्रिम आदि।	11	16,327.37	4,952.84
विविध व्यय		-	-
(उस सीमा तक जिसे बट्टे खाते में नहीं डाला गया या समायोजित नहीं किया गया)			
कुल		**1,04,801.38**	**88,050.71**
महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां	24		
आकस्मिक देयताएं और लेखा टिप्पणियां	25		

पंकज भूटानी	वन्दना शर्मा	ए.के. तिवारी	डॉ. अनिल कुमार जैन
संयुक्त सलाहकार	सचिव	सदस्य	अध्यक्ष

स्थान: नई दिल्ली

दिनांक: 27 जून 2024



पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड
31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए आय एवं व्यय लेखा

(₹ लाख में)

	अनुसूची	वर्तमान वर्ष	पिछला वर्ष
आय			
बिक्री/सेवाओं से आय	**12**	8,967.55	4,277.07
अनुदान/सब्सिडी	**13**	-	-
शुल्क या अंशदान	**14**	-	-
निवेश से आय (निर्धारित या बंदोबस्ती निधियों से निवेश पर आय। निधियों का कोष में हस्तांतरण)	**15**	-	-
रॉयल्टी, प्रकाशन आदि से आय	**16**	-	-
अर्जित ब्याज	**17**	3,346.37	2,175.90
अन्य आय	**18**	3.62	2.55
तैयार माल और कार्य–प्रगति के स्टॉक में वृद्धि या (कमी)	**19**	-	-
पूर्व अवधि आय (अनुबंध–क)		65.39	20.23
कुल (क)		**12,382.93**	**6,475.75**
व्यय			
स्थापना व्यय	**20**	1,241.58	1,243.29
अन्य प्रशासनिक व्यय, आदि	**21**	2,040.58	1,504.91
अनुदान, सब्सिडी आदि पर व्यय	**22**	-	-
ब्याज	**23**	-	0.99
मूल्यह्रास (वर्ष के अंत में निवल योग–अनुसूची 8 के अनुरूप)		46.99	41.99
पूर्व अवधि व्यय (अनुबंध–क)		20.19	(3.83)
कुल (ख)		**3,349.34**	**2,787.35**
व्यय से अधिक आय का शेष (क–ख)		**9,033.59**	**3,688.40**
विशेष रिजर्व में अंतरण (प्रत्येक निर्दिष्ट करें)		**-**	**-**
सामान्य रिजर्व में या से स्थानांतरण		**-**	**-**
शेष राशि अधिशेष/(घाटा) कॉर्पस/पूंजी निधि में अग्रेनीत		**9,033.59**	**3,688.40**
महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां	**24**		
आकस्मिक देयताएं और लेखा टिप्पणियां	**25**		

पंकज भूटानी	**वन्दना शर्मा**	**ए.के. तिवारी**	**डॉ. अनिल कुमार जैन**
संयुक्त सलाहकार	**सचिव**	**सदस्य**	**अध्यक्ष**

स्थानः नई दिल्ली

दिनांकः 27 जून 2024



31 मार्च, 2024 तक तुलन–पत्र का भाग बनने वाली अनुसूचियां

(₹ लाख में)

अनुसूची–1 कार्पस या पूंजीगत निधि:	वर्तमान वर्ष	पिछला वर्ष
पीएनजीआरबी निधि		
वर्ष के प्रारंभ में शेष राशि	39,208.05	35,519.65
जोड़ें: कॉर्पस या पूंजीगत निधि के लिए अंशदान	-	-
जोड़ें / (कटौती): आय एवं व्यय लेखा से शुद्ध आय / (व्यय) की शेष राशि में हस्तांतरित	9,033.59	3,688.40
वर्ष के अंत में बकाया	**48,241.64**	**39,208.05**

(₹ लाख में)

अनुसूची 2 – रिजर्व और अधिशेष:	वर्तमान वर्ष	पिछला वर्ष
1. पूंजीगत रिजर्व	-	-
2. पुनर्मूल्यांकन रिजर्व	-	-
3. विशेष भंडार	-	-
4. सामान्य भंडार	-	-
कुल	**-**	**-**

(₹ लाख में)

अनुसूची 3 – निर्धारित / बंदोबस्ती निधियां	एस्क्रो फंड के अनुसार विवरण वर्तमान वर्ष	एस्क्रो फंड के अनुसार विवरण पिछला वर्ष
क) निधियों का आरंभिक शेष (एस्क्रो खाता)	35,755.95	27,130.94
(ब्याज)	6,549.48	4,569.42
ख) निधियों में वृद्धि:		
i. दान या अनुदान	-	-
ii. निधियों के खाते में किए गए निवेश से आय	6,264.27	8,625.01
iii. अन्य वृद्धि (ब्याज)	3,165.83	1,980.06
कुल (क+ख)	**51,735.53**	**42,305.44**
ग) निधियों के उद्देश्यों के प्रति उपयोगिता या व्यय		
i. पूंजीगत व्यय (अनुसूची 11 ऋण एवं अग्रिम के भाग ख–2 क तथा अनुसूची 25 की टिप्पणी सं. 10 देखें)	-	-
ii. राजस्व व्यय	0.02	0.01
कुल (ग)	**0.02**	**0.01**
वर्ष के अंत में निवल शेष (क+ख–ग)	51,735.51	42,305.43

टिप्पणियाँ

1.) अनुदान से जुड़ी शर्तों के आधार पर संबंधित शीर्षों के तहत प्रकटीकरण किया जाएगा।

2.) केंद्र / राज्य सरकारों से प्राप्त योजना निधियों को अलग निधियों के रूप में दिखाया जाना चाहिए और किसी अन्य निधियों के साथ मिलाया नहीं जाना चाहिए।



(₹ लाख में)

अनुसूची 4 – सुरक्षित ऋण और उधार	वर्तमान वर्ष	पिछला वर्ष
1. केंद्र सरकार		
2. राज्य सरकार (निर्दिष्ट करें)	–	–
3. वित्तीय संस्थान	–	–
क) सावधि ऋण	–	–
ख) प्रोद्भूत और देय ब्याज	–	–
4. बैंक :	–	–
क) सावधि ऋण	–	–
– उपार्जित और बकाया ब्याज	–	–
ख) अन्य ऋण (निर्दिष्ट करें)	–	–
– उपार्जित और बकाया ब्याज	–	–
5. अन्य संस्थान और एजेंसियां	–	–
6. डिबेंचर और बांड	–	–
7. अन्य (निर्दिष्ट करें)	–	–
कुल	–	–

टिप्पणी: एक वर्ष के भीतर देय राशि

(₹ लाख में)

अनुसूची 5 – असुरक्षित ऋण और उधार	वर्तमान वर्ष	पिछला वर्ष
1. केंद्र सरकार	-	-
2. राज्य सरकार (निर्दिष्ट करें)	-	-
3. वित्तीय संस्थान	-	-
4. बैंक	-	-
क) सावधि ऋण	-	-
ख) अन्य ऋण (निर्दिष्ट करें)	-	-
5. अन्य संस्थाएं और एजेंसियां	-	-
6. डिबेंचर और बांड	-	-
7. सावधि जमा	-	-
8. अन्य (निर्दिष्ट करें)	-	-
कुल	**-**	**-**

टिप्पणी: एक वर्ष के भीतर देय राशि

(₹ लाख में)

अनुसूची 6 – आस्थगित ऋण देयताएं	वर्तमान वर्ष	पिछला वर्ष
क) पूंजी उपकरण और अन्य परिसंपत्तियों को गिरवी रखकर सुरक्षित स्वीकृतियां	-	-
ख) अन्य	-	-
कुल	**-**	**-**

टिप्पणी: एक वर्ष के भीतर देय राशि




(₹ लाख में)

अनुसूची 7 – वर्तमान देयताएं और प्रावधान	वर्तमान वर्ष	पिछला वर्ष
क. वर्तमान देयताएं		
1. स्वीकृतियां	-	-
2. विविध लेनदार		
क) माल के लिए	-	-
ख) अन्य	216.59	64.54
3. प्राप्त अग्रिम	24.90	10.75
4. अर्जित ब्याज लेकिन देय नहीं:		
क) सुरक्षित ऋण/उधार	-	-
ख) असुरक्षित ऋण/उधार	-	-
5. सांविधिक देयताएं		
क) अतिदेय	-	-
ख) अन्य	72.06	29.71
6. अन्य चालू देयताएं		
क) अनियमितता और अधिक खपत प्रभार जमा	-	-
ख) शुल्क वसूली के तहत ब्याज मुक्त जमा राशि	724.23	1,013.53
ग) प्राप्त प्रतिभूति जमा		
(i) गेल से	2,725.95	2,557.08
(ii) अन्यों से	237.26	102.66
घ) एसबीआई में चालू खाता	-	14.75
कुल (क)	**4,000.99**	**3,793.02**
ख. प्रावधान		
1. कराधान के लिए	-	-
2. उपदान	-	-
3. अधिवर्षिता/पेंशन	-	-
4. व्यापार वारंटी/दावा	-	-
5. अन्य		
क) अग्रिम–मुकदमों के तहत भुनाई गई पीबीजी	522.73	2,622.73
(अनुसूची 25 "लेखा टिप्पणियों" में टिप्पणी सं. 3 देखें)	300.51	121.48
ख) व्यय के लिए प्रावधान	**823.24**	**2,744.21**
कुल (ख)	**4,824.23**	**6,537.23**
कुल (क+ख)		

(₹ लाख में)

अनुसूची 8 – नियत प.ि रसंपत्तिया	सकल ब्लॉक					मूल्यह्रास						निवल ब्लॉक	
विवरण	1 अप्रैल 2023 तक	वर्ष के दौरान जमा	वर्ष के दौरान कटौती	वर्ष के दौरान पुनः वर्गीकरण	31 मार्च 2024 तक	1 अप्रैल, 2023 तक	23–24 के दौरान मूल्यह्रास	23–24 में वृद्धि	23–24 में कटौती	पिछले वर्ष का मूल्यह्रास	31 मार्च, 2024 तक संचयी मूल्यह्रास	31 मार्च, 2024 तक	31 मार्च, 2023 तक
क. नियत परिसंपत्तियां:													
कार्यालय उपकरण	101.34	5.90	(2.45)	3.32	108.11	63.04	15.62	1.23	(2.44)	(0.05)	77.39	30.72	38.30
फर्नीचर और फिक्स्चर	22.93	11.61	-	-	34.55	7.05	2.10	0.65	-	(0.01)	9.78	24.77	15.88
कंप्यूटर / सहायक उपकरण	93.23	39.13	(6.38)	-	125.98	67.77	9.90	4.76	(6.07)	(0.09)	76.27	49.71	25.46
कंप्यूटर सॉफ्टवेयर	65.06	2.32	-	-	67.39	60.53	2.85	0.18	-	(0.01)	63.55	3.84	4.53
नेटवर्क और सर्वर	102.84	15.17	-	-	118.01	81.30	9.03	0.59	-	0.01	90.94	27.07	21.54
स्टाफ फर्निशिंग परिसंपत्ति	-	3.05	-		3.05	-		0.08	-	-	0.08	2.97	-
कुल		**77.17**	**(8.83)**	**3.32**	**457.09**	**279.69**	**39.49**	**7.50**	**(8.51)**	**(0.16)**	**318.01**	**139.08**	**105.72**
पिछला वर्ष	**358.59**	**26.81**			**385.40**	**237.72**	**37.76**	**4.23**	**-**	**(0.02)**	**279.69**	**105.72**	**120.87**
ख. चल रहा पूंजीगत कार्य	**-**											**-**	
कुल													




(₹ लाख में)

अनुसूची 9 – निर्धारित/बंदोबस्ती निधियों से निवेश	वर्तमान वर्ष	पिछला वर्ष
1. सरकारी प्रतिभूतियों में	-	-
2. अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियां	-	-
3. शेयर	-	-
4. डिबेंचर और बांड	-	-
5. सहायक कंपनियां और संयुक्त उद्यम	-	-
6. अन्य (i) असंतुलन और समय आधिक्य	38,334.01	40,455.61
(ii) एपीटीईएल द्वारा निर्देशित (अनुसूची 25 'लेखा टिप्पणियों' में टिप्पणी 2 देखें)	2,631.79	2,417.14
कुल	**40,965.80**	**42,872.75**

(₹ लाख में)

अनुसूची 10 – निवेश–अन्य	वर्तमान वर्ष	पिछला वर्ष
1. सरकारी प्रतिभूतियों में	-	-
2. अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियां	-	-
3. शेयर	-	-
4. डिबेंचर और बांड	-	-
5. सहायक कंपनियां और संयुक्त उद्यम	-	-
6. अन्य (i) जमा पीएनजीआरबी निधियां	47,320.68	39,963.81
(ii) सीएलटीडी पीएनजीआरबी निधियां	48.45	155.59
कुल	**47,369.13**	**40,119.40**

(₹ लाख में)

अनुसूची 11 – वर्तमान परिसंपत्तियां, ऋण, अग्रिम आदि	वर्तमान वर्ष	पिछला वर्ष
क. वर्तमान परिसंपत्तियां:		
1. मांग सूची:		
क) भंडार और अतिरिक्त पुर्जे	-	-
ख) खुले औज़ार	-	-
ग) स्टॉक–इन–ट्रेड		
तैयार माल	-	-
कार्य प्रगति पर	-	-
कच्चा माल	-	-
2. विविध देनदार:		
क) छह महीने से अधिक की अवधि के लिए बकाया ऋण	945.13	690.84
ख) अन्य	42.23	67.35
3. हाथ में नकद शेष (चेक/ड्राफ्ट और अग्रदाय सहित)		



अनुसूची 11 – वर्तमान परिसंपत्तियां, ऋण, अग्रिम आदि	वर्तमान वर्ष	पिछला वर्ष
4. बैंक में शेष:	-	-
क) अनुसूचित बैंकों में:		
– चालू खातों में		
क) पीएनजीआरबी निधियां	7.28	6.37
ख) असंतुलन और अतिरिक्त व्यय प्रभार	0.49	0.21
– डिपोजिट खातों पर (मार्जिन मनी सहित)	-	-
– बचत खातों पर	-	-
ख) गैर–अनुसूचित बैंकों में	-	-
– चालू खातों में	-	-
– जमा खातों में	-	-
– बचत खातों में	-	-
5. डाकघर बचत खाते में	-	-
कुल (क)	**995.13**	**764.77**

(₹ लाख में)

ख. ऋण, अग्रिम और अन्य परिसंपत्तियां	वर्तमान वर्ष	पिछला वर्ष
1. ऋण:		
क) कर्मचारी		-
ख) कंपनी के समान गतिविधियों/उद्देश्यों में लगी अन्य कंपनियां	-	-
ग) अन्य (निर्दिष्ट करें)	-	-
2. नकद या वस्तु के रूप में या प्राप्त किए जाने वाले मूल्य के लिए वसूली योग्य अग्रिम और अन्य राशियां:		
2. नकद या वस्तु के रूप में या प्राप्त किए जाने वाले मूल्य के लिए वसूली योग्य अग्रिम और अन्य राशियां:		
क) पूंजीगत खाते में (एस्क्रो खाते में, अनुसूची 25 की टिपपणी सं. 10 भी देखें)	12,161.57	-
ख) पूर्व भुगतान	9.65	5.73
ग) अन्य	-	-
i) जमानत राशि का भुगतान	17.71	0.06
ii) स्रोत पर कर कटौती		
– पीएनजीआरबी निधि	77.49	61.79
– असंतुलन और अधिक व्यय शुल्क	24.73	2.89
– अन्य	1.77	1.67
iii) नेशनल बिल्डिग कंस्ट्रक्शन कॉर्पोरेशन लिमिटेड	75.78	75.78
घटाएं: संदिग्ध वसूली के लिए प्रावधान (अनुसूची 25 "लेखा टिप्पणियां" में टिप्पणी सं. 9 देखें)	(75.78)	(75.78)
iv) कर्मचारियों को अग्रिम	-	-
v) आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों को अग्रिम	1.58	8.76
vi) बिक्री/निपटान के लिए धारित संपत्तियां	-	-
vii) लेनदारों से वसूली योग्य टीडीएस	17.78	1.66
viii) हाथ में स्टॉक (उपभोग्य)	6.77	2.63



ख. ऋण, अग्रिम और अन्य परिसंपत्तियां	वर्तमान वर्ष	पिछला वर्ष
3. अर्जित आय:		
क) निर्धारित/बंदोबस्ती निधियों के निवेश स	1,214.71	1,846.72
ख) निवेश पर अन्य	-	-
ग) ऋण और अग्रिम से	-	-
घ) अन्य (i) पीएनजीआरबी निधियों से	1,705.02	2,116.45
(ii) एपीटीईएल द्वारा निर्देशित (अनुसूची 25 "लेखा टिप्पणियां" में टिप्पणी सं. 2 देखें)	92.31	138.23
4. प्राप्य दावे		
– छह महीने से अधिक की अवधि के लिए जीईईसीएल	1.15	1.15
– एजीपी सीजीडी इंडिया लिमिटेड	-	0.11
– पीएओ (विस्फोटक) नागपुर	-	0.22
कुल (ख)	**15,332.24**	**4,188.07**
कुल (क+ख)	**16,327.37**	**4,952.84**

(₹ लाख में)

